दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-77 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 30 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### बापू की बातें



कोई भी मुझसे शास्त्र के प्रमाण देकर असत्य को सत्य, कठोरता को दया और वैरभाव को प्रेम नहीं मनवा सकता। इसलिए और इस अर्थ में मैं मूर्तिभंजक हूँ। कोई मुझे द्वयर्थी या क्षेपक श्लोक उद्धत करके अथवा धमकी देकर अंत्यजों का तिरस्कार या त्याग करना या उनको अस्पृश्य मानना नहीं सिखा सकता और इसलिए मैं अपने को मूर्तिभंजक मानता हूँ। मैं माँ-बाप की अनीति को भी अनीति की तरह देख पाता हूँ और इस देश पर अथाह प्रेम होते हुए भी इसके दोषों को देखकर उन्हें सबके सामने रख सकता हूँ और इसलिए मैं मूर्तिभंजक हूँ।

( 03.05.1925: नवजीवन में प्रकाशित टिप्पणियों का अंश : सं.गां.वां. खंड 27 : पृष्ठ 22 )

## विधानसभा चुनाव 2026 एग्जिट पोल

# केरलम-पश्चिम बंगाल में बदलाव के संकेत, क्या हैं असम-तमिलनाडु के अनुमान ?

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल आ चुके हैं। असम में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने का अनुमान है। एक्सिस माय इंडिया पोल में असम में कांग्रेस को 24 से 36 और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 88 से 100 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, केरल और पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के अनुमान सामने आए हैं।



केरलम में पीपुल्स पल्स ने लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) को 55-65, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को 75-85 और एनडीए को 0-3 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। वहीं, मैट्रिज ने एलडीएफ को 60-65, यूडीएफ को 70-75 और एनडीए को 3-5 सीटें मिलने की संभावना जताई है। पीपुल्स इनसाइट ने केरलम में एलडीएफ को 58-68 और यूडीएफ को 66-76 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। एक्सिस माय इंडिया ने एलडीएफ को 49-62 और यूडीएफ को 78-90 सीटें मिलने की संभावना जताई है।

पीपुल्स पल्स ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी को 177-187, भाजपा को 95-110, कांग्रेस को 1-3, अन्य को 1-2 और लेफ्ट को 0-1 सीटें मिलने की संभावना जताई है। वहीं, मैट्रिज ने टीएमसी को 125-140, भाजपा को 146-161 और अन्य को 6-10 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। पी मार्क ने टीएमसी को 118-138, भाजपा को 150-175 और कांग्रेस को 2-3 सीटें मिलने की संभावना जताई है। चाणक्य ने टीएमसी को 130-140 और भाजपा को 150-160 सीटें मिलने की संभावना है।

असम में भाजपा की वापसी के अनुमान हैं। एक्सिस माय इंडिया ने भाजपा को 88-100, कांग्रेस को 24-36 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। मैट्रिज ने भाजपा को 85-95 और कांग्रेस को 25-32 सीटें दी हैं। पीपुल्स पल्स ने भाजपा को 68-72 और कांग्रेस को 22-26 सीटें मिलने की संभावना जताई है। पी मार्क ने भाजपा को 82-94 और कांग्रेस को 30-40 सीटें दी हैं। चाणक्य ने भाजपा को 88-98 और कांग्रेस को 22-32 सीटें मिलने की बात कही है।

तमिलनाडु में मैट्रिज ने डीएमके गठबंध को 122-132, एआईएडीएमके गठबंधन को 87-110, थलापति विजय की टीवीके को 10-12 और अन्य को 0-6 सीटें मिलने का अनुमान है। इसी तरह पीपुल्स पल्स ने तमिलनाडु में डीएमके गठबंधन को 125-145, एआईएडीएमके गठबंधन को 65-80, टीवीके को 18-24 और अन्य को 2-6 सीटें मिलने की संभावना जताई है। पीपुल्स इनसाइट ने डीएमके गठबंधन को 120-140, एआईएडीएमके गठबंधन को 60-70 और टीवीके को 30-40 सीटें मिलने की संभावना जताई है।

पीपुल्स पल्स ने पुडुचेरी में एनडीए को 5 से 6, डीएमके कांग्रेस गठबंधन को 6 से 8, अन्य को 1 से 12 और एआईएनआरसी को 10 से 12 सीटें मिलने की संभावना जताई है। एक्सिस माय इंडिया के सर्वे में एनडीए को 16 से 20, डीएमके कांग्रेस गठबंधन को 6 से 8, अन्य को 1 से 3 और टीवीके को 2 से 4 सीटें मिलने का अनुमान है।

## दिल्ली से भुवनेश्वर जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में ईंधन संकट, जयपुर में उतारा

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली से ओडिशा के भुवनेश्वर जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान को बुधवार को बीच रास्ते में ईंधन की कमी का सामना करना पड़ा और विमान को जयपुर की तरफ मोड़ दिया गया। विमान ईंधन संकट और बढ़ती कीमतों के बीच बुधवार को हुई इस घटना ने हड़कंप मचा दिया है।




हालांकि, एयरलाइन ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि विमान को खराब मौसम की वजह से जयपुर मोड़ा गया था, न की ईंधन की कमी के कारण। रिपोर्ट के मुताबिक, उड़ान संख्या आईएक्स-1057 दिल्ली से भुवनेश्वर के लिए रवाना हुई थी। तभी उड़ान के बीच ईंधन की उपलब्धता से संबंधित चिंताएं सामने आने के बाद एहतियात के तौर पर पायलट ने विमान को जयपुर हवाई अड्डे पर उतार दिया। विमान अभी जयपुर हवाई अड्डे पर है और सभी यात्रियों को विमान के अंदर ही बैठे रहने को कहा गया है। ईंधन संबंधी समस्या के अलावा तकनीकी खराबी या आपातकालीन स्थिति समेत अन्य कोई सूचना नहीं मिली है।एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एक बयान में कहा, भुवनेश्वर जाने वाले रास्ते में खराब मौसम की स्थिति के कारण, दिल्ली से हमारी एक उड़ान को कुछ समय के लिए जयपुर की ओर मोड़ दिया गया था।

## देशभर में बदला मौसम का मिजाज, 13 राज्यों में अंधड़-बारिश का अलर्ट



नईदिल्ली,(आरएनएस)। पश्चिमी विक्षोभ, ट्रफ लाइन और हवा के ऊपरी हिस्सों में बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल गया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में अंधड़ और बारिश के कारण तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज हुई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, असम, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, केरलम, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय समेत 13 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी के अनुसार, हरियाणा से मणिपुर तक फैली ट्रफ लाइन उत्तर और पूर्वी भारत के मौसम का मिजाज बिगाड़ रही है, वहीं उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के आस-पास बने सिस्टम के कारण आंधड़ और बारिश का असर देखा जा रहा है। 2 मई से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे तापमान और गिरवट आने की संभावना है। आज मेघालय में तेज हवाओं के साथ अत्यधिक बारिश हो सकती है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन की आशंका है।

## धार जिले में दर्दनाक सड़क हादसा, पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटा, 12 लोगों की मौत, 13 लोग गंभीर रूप से घायल



धार (ए.)। मध्यप्रदेश के धार जिले में बुधवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। चिकलिया स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और अस्पताल में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी।

जानकारी के अनुसार हादसा रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। पिकअप वाहन में क्षमता से अधिक 30 से 35 मजदूर सवार थे। तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा। इसी दौरान पिकअप ने एक स्कॉर्पियो वाहन को भी टक्कर मार दी और सड़क पर पलट गया। वाहन पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

## संसद सुरक्षा में चूक के चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 4 मई तक बढ़ी

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद सुरक्षा में चूक के चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 4 मई तक बढ़ा दी है. एडिशनल सेशंस जज अमित बंसल ने मामले की अगली सुनवाई 4 मई को करने का आदेश दिया.बुधवार को कोर्ट ने आरोपी अमोल धनराज की ओर से पेश वकील बलराज सिंह मलिक की आरोपों पर दलीलें सुनी. सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से दलीलें रखने के लिए समय देने की मांग की गई क्योंकि दिल्ली पुलिस की ओर से दलीलें रखने के लिए स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अखंड प्रताप सिंह उपलब्ध नहीं थे।

## जलूद सोलर प्लांट राष्ट्रीय उपलब्धि है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### खरगोन जिले के जलूद में 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट का हुआ लोकार्पण




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जलूद सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण मध्यप्रदेश के साथ देशभर के लिए महत्वपूर्ण है। यहां सूर्य के प्रकाश को बिजली के रूप में बदलकर इंदौर नगर निगम लाभान्वित हो रहा है। लगभग 60 मेगावॉट क्षमता की इस परियोजना में भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिला है। ग्रीन बॉन्ड स्कीम के माध्यम से इस परियोजना में देश की जनता को भागीदार (पार्टनर) बनाया है। पीपीपी मोड में कार्य करने वाला यह अपनी तरह का देश का प्रथम संयंत्र है। इस तरह से इस राष्ट्रीय उपलब्धि का श्रेय मध्यप्रदेश को जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले में महेश्वर के निकट जलूद में 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संयंत्र का अवलोकन भी किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस परियोजना में कोई भी व्यक्ति एक-एक लाख के 10 बॉन्ड खरीद सकता है। एक लाख पर लगभग 8 प्रतिशत की बचत होगी, जिसका लाभ 20 साल तक मिलेगा। अगर जरूरत पड़े तो इस बॉन्ड को बेचा भी जा सकता है। इस प्रकार से राज्य सरकार ने घर बैठे लोगों को पैसे कमाने का अवसर दिया है। मध्यप्रदेश सबसे सस्ती बिजली देने वाला राज्य है। हमारी बिजली से दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है। जलूद सोलर पॉवर प्लांट का भूमि-पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2023 में किया था। लोकार्पण अवसर पर प्रदेश में हरित ऊर्जा पर जारी कार्यों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलूद सोलर पॉवर प्लांट से दोहरा लाभ मिलेगा। इंदौर नगर निगम को बिजली तो मिलेगी ही, साथ में कार्बन उत्सर्जन भी कमी आएगी। बिजली उत्पादन में ग्रीन एनर्जी का नवाचार सर्वोत्तम है। इस परियोजना की लागत 10 साल में निकल जाएगी, अगले 10 साल सिर्फ लाभ के होंगे। मध्यप्रदेश बदल रहा है। एक समय था, जब रात में बिजली कटौती होती थी, दिन में बिजली तो मिलती ही नहीं थी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेजी काल गणना के 12 महीने भी भारतीय खगोल मापदंड के आधार पर बने हैं।

## ममता बनर्जी ने भाजपा पर धांधली का आरोप लगाया, पर्यवेक्षकों-सुरक्षा बलों को आतंक फैलाने वाला बताया

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण का मतदान के बीच बीच, भबानीपुर से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की उम्मीदवार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में कई ऐसे अधिकारी और पर्यवेक्षक लाए गए हैं, जो बंगाल को नहीं समझते हैं और वे टीएमसी के एजेंटों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे मनमानी कर रहे हैं और आतंक फैला रहे हैं।



मुख्यमंत्री ममता ने कोलकाता में कहा, हम चाहते हैं कि मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। लेकिन, कई ऐसे अधिकारी और पर्यवेक्षक लाए गए हैं जो बंगाल को नहीं समझते। कुछ पर्यवेक्षक ऐसे भी हैं जो टीएमसी के एजेंटों को निशाना बना रहे हैं...कल रात सीआरपीएफ ने, बिना पुलिस के, 70 नंबर वार्ड के पार्षद के घर पर हमला कर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पार्षद की गैर-मौजूदगी में पत्नी-बच्चों के सामने उनके घर में तोड़फोड़ की गई।

मुख्यमंत्री ममता ने चुनाव में तैनात बाहरी पर्यवेक्षकों और सुरक्षाकर्मियों पर हस्तक्षेप का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, बाहर से इतने सारे पर्यवेक्षक आए हैं। भाजपा जो कहती है, वही कर रही है। चारों ओर देखिए, हमारे सारे पोस्टर हटा दिए गए हैं। क्या इसी तरह चुनाव होते हैं? वोट मतदाता डालेंगे, पुलिस या सुरक्षा बल नहीं। कुछ नए लोगों को हाल ही में लाया गया है और वे मनमानी कर रहे हैं। वे आतंकवाद फैला रहे हैं।

हर चुनाव में अपनी सामान्य प्रथा के विपरीत मुख्यमंत्री ममता सुबह 8 बजे से पहले ही घर से निकल गईं और दक्षिण कोलकाता के चेतला क्षेत्र के बूथों सहित निर्वाचन क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का दौरा किया। इससे पहले ममता हर चुनाव में दोपहर में अपने कालीघाट आवास से निकलती थीं और मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल में अपना वोट डालती हैं।

## मानहानि केस में भगवंत मान की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, कोर्ट ने बार-बार गैरहाजिर रहने पर कड़ा रुख अपनाया

मानसा (पंजाब)(आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. मानसा की एक कोर्ट ने मानहानि के एक पुराने केस में मुख्यमंत्री के बार-बार गैरहाजिर रहने पर कड़ा रुख अपनाया है.अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजिंदर सिंह नागपाल ने साफ कर दिया है कि अगर भगवंत मान 1 मई को होने वाली अगली सुनवाई में खुद पेश नहीं होते हैं, तो उनकी बेल कैंसिल कर दी जाएगी और उनकी मौजूदगी पक्की करने के लिए सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे.पूरा मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान हुए राजनीतिक बवाल से जुड़ा है. जब मानसा से आम आदमी पार्टी के विधायक नजर सिंह मानशाहिया 25 अप्रैल 2019 को आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे. मानशाहिया के कांग्रेस में शामिल होने के दो दिन बाद, संगरूर से उस समय के सांसद और पंजाब के मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि मानशाहिया 10 करोड़ रुपये के लालच और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अध्यक्ष बनने के वादे पर कांग्रेस में शामिल हुए थे।



## बंगाल में सेकेंड फेज में 92% वोटिंग

### नॉर्थ 24 परगना में TMC-भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसा; दावा- हावड़ा में CRPF की पिटाई से बुजुर्ग की मौत

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर बुधवार को वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के शाम 9 बजे तक के आकड़ों के मुताबिक, 92.32 प्रतिशत वोटिंग हुई है। यह और बढ़ सकता है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प, लाठीचार्ज और EVM से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं। नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में TMC और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की मौजूदगी के बावजूद हालात बेकाबू दिखे। TMC ने आरोप लगाया कि CRPF के हमले से हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। TMC महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे। केंद्रीय बलों ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की। बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आज जिन 142 सीटों पर चुनाव हुए हैं, उनमें से 123 सीटों पर TMC ने 2021 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। पहले फेज की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को रिकॉर्ड 93 प्रतिशत मतदान हुआ था। 4 मई को बंगाल विधानसभा की सभी 254 सीटों के रिजल्ट आएंगे।






## मुख्यमंत्री को 30 हजार वोट से हराऊंगाः शुभेंदु

कोलकाता(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में आज महानगर कोलकाता का भवानीपुर विधानसभा सीट देश भर की मीडिया की निगाह में रहा। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता की भवानीपुर सीट से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ अपनी जीत के दावे किए हैं। शुभेंदु अधिकारी सुबह-सुबह भवानीपुर और चेतला इलाके के विभिन्न बूथों का निरीक्षण करने पहुंचे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने अपनी जीत को लेकर बड़ा दावा किया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, ममता बनर्जी 30 हजार वोट से हारेंगी। हम किसी तरह की गुंडागर्दी नहीं होने देंगे। डर दिखाकर वोट नहीं लेने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ जगहों पर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता और केंद्रीय बल निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करेंगे।बूथ निरीक्षण के दौरान शुभेंदु अधिकारी की मुलाकात कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हाकिम की बेटी प्रियदर्शिनी हाकिम से भी हुई। दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई, जिसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई। वहीं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी भी सुबह-सुबह भवानीपुर के विभिन्न बूथों का दौरा करने निकलीं। उन्होंने मतदान प्रक्रिया को लेकर केंद्रीय सुरक्षा बलों और बाहरी पर्यवेक्षकों पर गंभीर आरोप लगाए। ममता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बल मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं और कुछ जगहों पर अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे हैं।



## युवक को नंगा कर पीटा, फिर चेहरे पर की पेशाब

भोपाल (आरएनएस)। कमला नगर में वर्चस्व की लड़ाई में बदमाशों ने एक युवक को अगवा किया। आरोपियों ने उसे निर्वस्त्र कर बेल्ट, लात-घूसों से पीटा। वह रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन आरोपी पीटते रहे। आरोपियों ने उसके मुंह पर पेशाब भी किया। दहशत फैलाने के लिए वीडियो भी इंस्टाग्राम पर अपलोड किया था। इस मामले में हनुमानगंज थाना पुलिस ने चाकूबाजी का केस दर्ज किया, लेकिन आरोपी अभी गिरफ्तार नहीं हुए हैं।मामले की शिकायत रविवार को कमला नगर थाने पहुंची थी, जहां शुरुआती जांच हुई। जांच में घटनास्थल हनुमानगंज थाना क्षेत्र का मिला, जिसके बाद शिकायत वहां भेजी गई। हनुमानगंज पुलिस ने मंगलवार देर रात मामला दर्ज किया। घटना शनिवार की बताई गई है।हनुमानगंज थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया कि शिकायत पहले कमला नगर थाने में हुई थी।





# मसाला फसलों के उत्पादन में हम अव्वल, उद्यानिकी फसलों के रकबे का करें विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## फूलों की खेती के लिए उज्जैन में खुलेगा सेंटर फॉर एक्सीलेंस फ्लोरीकल्चर



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्यानिकी फसलें छोटी जगह से बड़ी कमाई करने का प्रभावी माध्यम है। प्रदेश के अधिकाधिक किसानों को इससे जोड़ा जाये। किसानों को सीज़नल और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए प्राकृतिक खाद का उपयोग कर जैविक खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसानों की वास्तविक आय बढ़ाई जाए। किसानों की आय वृद्धि और उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिये योजनाबद्ध तरीके से उद्यानिकी फसलों और इनके जोत रकबे का साल-दर-साल विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी उद्यानिकी एवं मसाला फसलों की अंतर्राष्ट्रीय मांग बढ़ रही है। इसकी पूर्ति के लिए बाजार तलाशें, उद्यानिकी उत्पादों की भरपूर ब्रांडिग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां औषधीय गुणों से भरपूर फसलों की खेती भी बहुतायत में की जाती है। इनकी बड़ी संभावनाएँ है। औषधि निर्माण के लिए जरूरी इन फसलों की इन्टरनेशनल मार्केट में मांग अनुसार आपूर्ति के लिए पूरी सप्लाई चेन तैयार की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हर साल नये-नये आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल खोले जा रहे हैं। इनमें देशी/आयुर्वेदिक दवाईयों की आपूर्ति में प्रदेश की औषधीय फसलों एवं उप-उत्पादों का भरपूर उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि मसाला फसलों के उत्पादन में हम पूरे देश में पहले स्थान पर है। यह उपलब्धि हमें इस क्षेत्र में और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभागीय संचालित योजनाओं की प्रगति और हितग्राहियों को लाभ प्रदाय पर गहन चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ - 2028 के मद्देनजर उज्जैन में फूलों की खेती को प्रोत्साहन एवं विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए उज्जैन में सेंटर फॉर एक्सीलेंस फ्लोरीकल्चर की स्थापना की जा रही है। सेंटर स्थापना के लिए उज्जैन शहर के पास एक गांव में 19 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है। केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजकर समुचित समन्वय भी किया जा रहा है।बैठक में बताया गया गया कि वर्ष 2030 तक उद्यानिकी क्षेत्र का रकबा 30 लाख हेक्टेयर तक पहुंच जाएगा। बागवानी फसलों के उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिएप्रदेश में हॉर्टिकल्चर प्रमोशन एजेंसी की स्थापना करने की कार्रवाई जारी है । मध्यप्रदेश के उद्यानिकी उत्पादों को दुनिया में पहचाना जाएगा। इसके लिए जी आई टैग दिलवाने की प्रक्रिया जारी है। विशेष रूप से जबलपुरी मटर, गुना का कुंभराज धनिया, बुरहानपुर का केला, रतलाम का रियावन लहसुन, खरगोन की मिर्च, इंदौर का मालवी आलू, बरमन भटा, छतरपुर का पान जैसे उद्यानिकी उत्पादों को जल्दी ही विशिष्ट भौगोलिक पहचान मिल जाएगी।



संजय नगायच ने बुधवार को मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव कभी भी कर सकते गेहूं उपार्जन केंद्रो का आकस्मिक निरीक्षण

पेयजल आपूर्ति की सुगम व्यवस्था करें सुनिश्चित

मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर-कांफ्रेंस में दिए निर्देश




भोपाल (निप्र)। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के दृष्टिगत प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो और किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अन्नदाताओं के मामले में गंभीर हैं और मुख्यमंत्री कभी भी प्रदेश के किसी भी जिले के किसी भी उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी केंद्र पर कोई अनियमितता नहीं होना चाहिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर्स से कहा कि सभी शहरी और ग्रामीण बसाहटों में पेयजल आपूर्ति की सुगम और सतत आपूर्ति भी सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव श्री जैन ने उक्त निर्देश बुधवार को मंत्रालय में जिलों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कानून व्यवस्था, शिक्षा,स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, राजस्व सहित कई विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर-कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वी.सी. के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण करें और यह सुनिश्चित करें कि समय-सीमा के बाहर प्रकरण नहीं जाएं। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी में नागरिकों को लाभ प्राप्त हो जाता है तो लोग सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत नहीं करते। उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्टर्स साप्तहिक समीक्षा करें जिससे अगली बैठक में समय-सीमा के बाहर के प्रकरण लगभग शून्य हों। मुख्य सचिव श्री जैन ने प्रदेश में जनगणना कार्य अंतर्गत गृह गणना कार्य की सतत निगरानी करने और समय-सीमा में गृह गणना कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

## मक्का-मदीना रुबात मामला

### कांग्रेस विधायक ने की सबा पटौदी और सिकंदर हफीज के खिलाफ एफआईआर की मांग

भोपाल(ए.)। मक्का-मदीना रुबात मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर अब भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कड़ा रुख अपनाते हुए वफ्फ बोर्ड कार्यालय पहुंचकर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल से मिलने पहुचें। उन्होंने सबा अली खान पटौदी और सिकंदर हाफिज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की मांग को लेकर पत्र भी सौपां। उन्होंने कहा कि, इन दोनों ने हाजियों के साथ धोखाधड़ी कि है। वहीं वफ्फ बोर्ड अध्यक्ष का कहना है की कि, हमने विधायक की शिकायत को गंभीरता के साथ सुना है, और उनसे पूरे दस्तावेज एफिडेविट के साथ पेश करने को कहा है। मक्का और मदीना स्थित रूबात (हाजियों के ठहरने की व्यवस्था) को लेकर आरिफ मसूद ने सबा अली खान पटौदी और सिकंदर हाफिज पर हाजियों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है।



## भोपाल में 13 दिन बाद गड्ढे में मिला लापता कारोबारी का शव, परिजनों को रिश्तेदारों पर शक

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के गुनगा इलाके में बुधवार को 13 दिनों से लापता एक कारोबारी का शव पानी से भरे गड्ढे में मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 40 वर्षीय देवेंद्र मेहरा के रूप में हुई है, जो लांबाखेड़ा इलाके में हर्ष ट्रांसपोर्ट के पीछे रहते थे और ललवानी प्रेस रोड स्थित कोतवाली क्षेत्र में लेडीज पर्स की दुकान चलाते थे। वे 17 अप्रैल की सुबह करीब 8:30 बजे घर से यह कहकर निकले थे कि गुटखा लेकर लौट रहे हैं, लेकिन इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी ईंटखेड़ी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में देवेंद्र की आखिरी लोकेशन धमर्रा बैरसिया रोड पर सामने आई, जो उनके ताऊ के खेत के पास की थी।

## भोपाल में अतिथि शिक्षकों का बड़ा प्रदर्शन, वादे पूरे न होने पर सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, दी चेतावनी

### - प्रदेशभर से आए हजारों शिक्षकों ने सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप



भोपाल, (निप्र.) । मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बुधवार को अतिथि शिक्षकों ने बड़ा प्रदर्शन किया। अतिथि शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदेशभर से आए हजारों शिक्षकों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में कई महिला शिक्षक भी शामिल हुईं। अंबेडकर पार्क में आयोजित प्रदर्शन के दौरान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने अतिथि शिक्षकों के लिए कई अहम घोषणाएं की थीं। इनमें नियमितीकरण, सीधी भर्ती में बोनस अंक और वार्षिक अनुबंध लागू करने जैसे वादे शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक इन वादों पर कोई ठोस अमल नहीं हुआ है, जिससे शिक्षकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। परिहार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अतिथि शिक्षकों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया। इससे शिक्षकों के बीच भरोसे का संकट गहराता जा रहा हैसंगठन के पदाधिकारी रामचंद्र नागर और के.सी. पवार ने सरकार पर वार्षिक अनुबंध के वादे से पीछे हटने का आरोप लगाया।

# जिला पंचायत भोपाल की साधारण सभा की बैठक संपन्न

### हाईस्कूल कलारा के छात्र सुरजीत सिंह को मध्यप्रदेश में दसवीं रैंक आने पर किया सम्मानित, जिला पंचायत कार्यालय में शिकायत पेटी का किया लोकार्पण




भोपाल (निप्र)। भोपाल जिला पंचायत सभा कक्ष में अध्यक्ष श्रीमती रामकुवर नौरंग सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल श्रीमती इला तिवारी ने अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का एजेंडा रखते हुए बिंदुवार चर्चा की। बैठक में अध्यक्ष श्रीमती रामकुवर नौरंग सिंह गुर्जर ने नारी सशक्तिकरण बिल पास का प्रस्ताव रखा सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से बिल का प्रस्ताव पास किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने भीषण गर्मी के समय ग्रामीण क्षेत्रों में पीने की पानी की समस्या को लेकर पीएचई विभाग की नल - जल योजना की जानकारी ली। जिस गांव में नलकूप बंद पड़े हैं उन्हें ठीक करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने का प्रस्ताव रखा है।जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रेश सुरेश राजपूत ने अपने वार्ड की ग्राम पंचायत अमरावत कला के सरपंच सुरेंद्र लोधी द्वारा केरवा नदी में अमृत सरोवर के गहरीकरण के नाम से हजारों डंपर मिट्टी बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीन लगाकर खोदी गई, बगैर परमिशन रॉयल्टी के बेची गई, माइनिंग विभाग को शिकायत की तो टीम के द्वारा मशीन को पकड़ा गया। इस तरह की अवैध खुदाई पर क्या कार्रवाई की गई। कोलार क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा अमृत सरोवर के गहरीकरण के नाम पर मिट्टी बेचने का खेल चल रहा है इसकी जांच होना चाहिए का मुद्दा उठाया। बैठक में एजेंडे के बिंदुओं पर भी सदस्यों द्वारा चर्चा की गई।

## भोपाल स्लॉटर हाउस मामला आस्था से खिलवाड़, भ्रष्टाचार पर सरकार दे जवाब : अमित शर्मा

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमित शर्मा ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भोपाल के स्लॉटर हाउस मामले को लेकर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही का नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था, सनातन परंपराओं और शासन-प्रशासन की जवाबदेही से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि जहांगीराबाद स्थित मॉडर्न स्लॉटर हाउस को लेकर पिछले कई महीनों से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इस मामले में असलम चमड़ा और उसके ड्राइवर की गिरफ्तारी हुई, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई। उन्होंने सवाल उठाया कि इतना बड़ा अवैध कारोबार क्या केवल एक व्यक्ति के भरोसे संचालित हो सकता है?अमित शर्मा ने आरोप लगाया कि भोपाल की महापौर और एमआईसी सदस्यों ने पहले मामले की जानकारी से इनकार किया, जबकि दस्तावेज कुछ और ही कहानी बताते हैं। उन्होंने दावा किया कि 24 अक्टूबर 2025 को हुई एमआईसी बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 6 के तहत स्लॉटर हाउस के कार्य को पूरा करने के लिए केवल 6 माह का समय विस्तार प्रस्तावित था।

## वैश्विक समस्याओं का समाधान भी हमारे शास्त्र देते हैं : श्री वेदतत्वानंद महाराज

भोपाल (ए.)। शंकराचार्य जयंती के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला भोपाल द्वारा गुरुवार को शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी वेदतत्वानंद पुरी महाराज आचार्य शंकर न्यास की गरिमा में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजयोगी ने नीता दीदी ब्रह्मकुमारी संस्था तथा गायत्री शक्तिपीठ से श्री रमेश नागर जी जिला समन्वयक की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ शंकराचार्य जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बकुल लाड ने कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में विकासखंड एवं जिला स्तर पर किया जा रहा है इन आयोजनों का उद्देश्य शंकराचार्य जी की शिक्षाओं से जनमानस को तथा जन अभियान परिषद से जुड़े हुए स्वैच्छिक संगठनों एवं छात्रों को अवगत कराना है। परिषद सभी जिलों एवं विकासखंडों में शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष में व्याख्यान कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।आपने प्रतिभागियों को यह जानकारी दी कि शंकराचार्य जी द्वारा ही श्री यंत्र का आविष्कार हुआ। अल्प आयु में शंकराचार्य जी ने पूरे देश को जोड़ा। आज इस दिन यह हम संकल्प लें कि हम सबको मिलकर समाज के शुद्धि करण का कार्य करना है।इसी के देश का विकास होगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गायत्री शक्तिपीठ के जिला

## अल्पविराम टूल किट के माध्यम से जीवन में कराया जा रहा है आनंद का अहसास

### 3 दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण हुआ संपन्न

भोपाल (निप्र)। राज्य आनंद संस्थान द्वारा तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण दिनांक 27 से 29 अप्रैल तक क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचाययत राज प्रशिक्षण केन्द्र, भदभदा, नीलबड, भोपाल में सम्पन्न हुआ। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान ने अपनी स्थापना के दसवे वर्ष में प्रवेश किया है। इस अवसर पर राज्य के नागरिकों को खुशहाल जीवन जीने के उद्देश्य से अल्पविराम टूल के माध्यम से कुछ विधियां एवं प्रक्रियाओं के द्वारा जीवन में आनंद का एहसास कराया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश भर के 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक सत्य प्रकाश आर्य के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों के बीच आनंद विभाग की रूपरेखा एवं स्वयं से संवाद करने की प्रक्रिया पर अपने विचार रखे।




# पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में रेलवे सुरक्षा एवं सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित



भोपाल (निप्र)। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में राज्य रेल सुरक्षा उच्चस्तरीय समन्वय समिति की बैठक पुलिस मुख्यालय भोपाल में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रदेश से होकर गुजरने वाले विस्तृत रेल नेटवर्क की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय बढ़ाना तथा आगामी बड़े आयोजनों के दृष्टिगत रणनीतिक तैयारी सुनिश्चित करना था।पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेलवे सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं पर पूर्व तैयारी, सतत निगरानी एवं त्वरित समन्वय सुनिश्चित किया जाए, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 के विशाल आयोजन को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक सुरक्षा रणनीति तैयार करने पर बल दिया।बैठक में रेलवे के सुगम एवं सुरक्षित संचालन हेतु सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स के मध्य समन्वय, रेलवे परिक्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, रेलवे ट्रैक को अवरोधमुक्त रखने, भीड़ नियंत्रण, यात्रियों की सुरक्षा, महिला एवं वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी तथा संवेदनशील स्टेशनों पर सुरक्षा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।इसके अतिरिक्त आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए रेल यातायात, यात्री दबाव, अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन, स्टेशन प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रतिक्रिया व्यवस्था तथा बहु-एजेंसी समन्वय की प्रारंभिक रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विशेष पुलिस महानिदेशक रेलवे रवि कुमार गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्तवार्ता ए. सांई मनोहर, उप पुलिस महानिरीक्षक पंकज श्रीवास्तव, श्रीमती सिमाला प्रसाद, सहायक पुलिस महानिरीक्षक रेलवे अरविन्द कुमार दुबे सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

साथ ही भारत सरकार की ओर से इंटेलिजेंस ब्यूरो के ज्वाइंट डायरेक्टर, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, पश्चिम रेलवे चर्चगेट मुंबई, मध्य रेलवे छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मुंबई, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के रेलवे सुरक्षा बल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य रेलवे अधिकारी वर्चुअली उपस्थित रहे। यह बैठक राज्य एवं केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों के बीच एक संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश देश के प्रमुख रेल कॉरिडोर का केंद्र है, ऐसे में विभिन्न राज्यों एवं रेलवे जोन के साथ समन्वय से अपराध नियंत्रण, ट्रैक सुरक्षा, यात्री सुरक्षा तथा आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत होगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान से शहडोल में पुराने जल स्त्रोतों को मिल रहा पुर्नजीवन

## वर्षा जल के संचयन से जल स्तर में होगी वृद्धि




शहडोल (आरएनएस.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में दूरगामी सोच के साथ मध्यप्रदेश में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान में जनभागीदारी से जनांदोलन बन चुका है। जल के संरक्षण, संवर्धन एवं जल के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान शहडोल जिले में प्रगति पर है। अभियान में जिले में पुराने जल स्त्रोतों को पुर्नजीवन मिल रहा है।कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति के निर्देशानुसार शहडोल जिले के समस्त ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायो में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुराने तालाबो की साफ-सफाई, जल स्त्रोतो के जीर्णोद्वार के कार्य, शोक पिट निर्माण, वाटर हार्वेस्टिग के कार्य जैसे अन्य कार्य किये जा रहे है। शहडोल जिले में अभियान के तहत जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यो एवं जन सहयोग से विभिन्न कार्य किये जा रहे है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले में 5613 कार्य स्वीकृत किये गए है जिनमें से 1006 काम पूर्ण किये गए है तथा 2834 कार्य प्रगतिरत है। अभियान के तहत जिले में 3217 खेत तालाब स्वीकृत किये गए है जिनमें से 722 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 1902 काम प्रगतिरत है। ब्यौहारी जनपद पंचायत में 347 खेत तालाब स्वीकृत किये गए है जिनमें से 81 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 266 कार्य प्रगतिरत है। बुढार जनपद पंचायत में 766 खेत तालाब स्वीकृत किये गए है जिनमें से 88 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 494 कार्य प्रगतिरत है। गोहपारू जनपद पंचायत में 596 खेत तालाब स्वीकृत किये गए है जिनमें से 236 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 224 कार्य प्रगतिरत है। जयसिंहनगर जनपद पंचायत में 925 खेत तालाब स्वीकृत किये गए है जिनमें से 218 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 539 कार्य प्रगतिरत है। सोहागपुर जनपद पंचायत में 493 खेत तालाब स्वीकृत किये गए है जिनमें से 99 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 379 कार्य प्रगतिरत है।

जिले में डगवेल रिचार्जिग के 620 कार्य हाथ में लिए गए है जिनमें 241 कार्य पूर्ण किये गए है। अमृत सरोवर के तहत जिले में 8 कार्य स्वीकृत किये गए है जो प्रगतिरत है। जल संसाधन विभाग द्वारा 32 कार्य स्वीकृत किये गए है जिनमें से 7 कार्य पूर्ण हो चुके है। जल संरक्षण एवं वाटर रिचार्ज के तहत 1042 कार्य स्वीकृत किये गए है जिनमें से 105 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा शेष कार्य प्रगतिरत है। वाटर शेड से संबंधित 229 कार्यों में से 19 कार्य पूर्ण किये जा चुके है। जल संरचनाओं के जीर्णोंद्वार के तहत 105 कार्य संचालित किये जा रहे है जिनमें से 53 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 56 कार्य प्रगतिरत है।नगरीय निकाय शहडोल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 25 जल ग्रहण संरचनाओ के कार्य, 8 नाले-नालियो की साफ-सफाई सौद्रर्यीकरण के कार्य, 26 रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य, 61 जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना, पौधरोपण हेतु 13 कार्य पूर्ण किये जा चुके है।

## जबलपुर रेल मंडल में डीआरयूसीसी की बैठक

### – छोटे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं पर दिया जोर



जबलपुर (ए.)। जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की 154वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने की। बैठक के प्रारंभ में अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया ।

मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने अपने संबोधन में मंडल में उपलब्ध कराई जा रही यात्री सुविधाओं तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

इसके उपरांत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों एवं यात्रियों को प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया तथा यात्री सुविधाओं के सतत विकास हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में डीआरयूसीसी के कुल 09 सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें सतना से सोमचंद्र ताम्रकार, शुभम त्रिपाठी, केशव बंसल एवं विक्रम सिंह विसेन, कटनी से पवन मित्तल, रीवा से कन्हैया लाल घंशानी, दमोह से सुधीर असाटी, सागर से मोहम्मद इरशाद एवं मैहर से सत्यभान सिंह शामिल थे।

बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित यात्री सुविधाओं के विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। इनमें प्रमुख रूप से ट्रेनों के समय में परिवर्तन, स्टॉपेज बढ़ाने, कोचों की संख्या में वृद्धि, ट्रेनों के फेरे बढ़ाने, नई ट्रेनों का संचालन, एबीएसएस, आरओबी एवं आरयूबी से संबंधित कार्यों में तेजी लाने, स्टेशनों पर साफ-सफाई में सुधार तथा बड़े स्टेशनों के साथ-साथ छोटे स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं के विस्तार से जुड़े सुझाव शामिल रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नदी संवाद एवं श्रमदान कार्यक्रम सम्पन्न

उज्जैन, (आरएनएस.)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड तराना के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम सामानेरा में ब्राह्मणी माता मंदिर स्थित काली सिंध नदी के घाट पर नदी संवाद एवं श्रमदान कार्यक्रम का



सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण के महत्व, नदियों की स्वच्छता तथा पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। नदी संवाद के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को जल संकट की गंभीरता समझाते हुए सामूहिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबंधित जय दीक्षित विकासखंड समन्वयक संदीप मालवीय, परामर्शदाता जगदीश राठौर, समिति अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पंकज गिरी गोस्वामी, रवि गिरी, मानक शर्मा, तरुण गिरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आगर-उज्जैन हाईवे पर किसानों का चक्काजाम, समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में देरी से नाराजगी, घंटों बाधित रहा यातायात



आगर मालवा (आरएनएस.)। मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में देरी और अव्यवस्थाओं से नाराज किसानों ने बुधवार दोपहर आगर-उज्जैन हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित रहा।प्रदर्शन का केंद्र ग्राम पालखेड़ी के पास स्थित सीतानारायण वेयरहाउस रहा, जहां समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्र पर तौल प्रक्रिया बेहद धीमी है और व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी है, जिसके चलते उन्हें अपनी उपज लेकर घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। तेज धूप और गर्मी के बीच किसानों का विरोध करीब एक घंटे तक जारी रहा। इस दौरान हाईवे पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

### प्रशासन मौके पर पहुंचा

स्थिति की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उन्हें शांत करने का प्रयास किया। किसानों ने मांग रखी कि खरीदी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और तेज किया जाए ताकि उन्हें अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जल्द समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया और यातायात बहाल हो सका।

## *सतना में बारात से लौट रही बोलेरो पलटी, 10 घायल, 3 की हालत गंभीर*

*सतना, (आरएनएस.)। मध्य प्रदेश के सतना जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में बारात से लौट रहे करीब 10 लोग घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, निमिहा गांव से बारात रीवा जिले के कुठूलिया गई थी। वापसी के दौरान बुधवार सुबह बकिया गांव के पास बोलेरो वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को वाहन से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर किया गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य का उपचार जारी है।*

## एमगिर्द पंचायत जल संकट मामला - पहले किया खूब दोहन अब बूंद बूंद को तरस रहे

बुरहानपुर (ए.)। मध्य प्रदेश सरकार की नल जल योजना ने पूरे प्रदेश में खूब झंडे गड़े इसमें बुरहानपुर को देश में कार्य पूरा करने के लिए राष्ट्रपति के द्वारा तत्कालीन जिला कलेक्टर प्रवीण सिंह को प्रथम इनाम भी मिला लेकिन अब नल जल योजना की सफलता की पूरे प्रदेश में पोल खुलती नजर आ रही है जिसका स्पष्ट उदाहरण बुरहानपुर में प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत का दर्जा रखने वाली एमागिर्द पंचायत में देखने को मिल रहा है जहां ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस जनसुनवाई में शिकायत कर थक चुके हैं दरअसल नल जल योजना के तहत एमागिर्द पंचायत में भी कार्य कराया गया था लेकिन इसकी उपयोगिता का एहसास इस कारण नहीं हो सका था कि इस पंचायत के एक बड़े हिस्से मकबरा क्षेत्र से नगर निगम की उतावली पंपिंग स्टेशन की बड़ी लाइन यहां से गुजरी है जिसमें ग्राम वासियों के द्वारा वर्षों से अवैध रूप से राइजिंग लाइन से कनेक्शन लेकर 24 घंटे जल का दोहन किया लेकिन अब नगर निगम की जल आवर्धन योजना के शुरू होने से निगम ने उतावली पंपिंग स्टेशन को बंद कर दिया जिससे पाइपलाइन सूख गई और इस क्षेत्र में जल संकट गहरा गया निगम की पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन क्षेत्र वासियों के द्वारा लिए जाने से ग्राम पंचायत ने ग्राम की जल आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया।

# व्यापार समाचार

## अनिश्चितता के दौर में मौद्रिक नीति के लिए मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को मजबूती से नियंत्रित करना आवश्यकः एसबीआई रिसर्च

नई दिल्ली , (आरएनएस),। एसबीआई रिसर्च की एक नई रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया है कि अगर अमेरिका-ईरान संघर्ष लंबे समय तक अनसुलझा रहता है, तो महंगाई को नियंत्रित करने और विकास में होने वाले नुकसान को कम करने में केंद्रीय बैंक को मुश्किलों का सामना करना पड़ा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अनिश्चितता के समय में, एक अच्छे केंद्रीय बैंक को गलत अनुमानों के प्रति सतर्क, उच्च लागत वाले जोखिमों के खिलाफ मजबूत, विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पर्याप्त रूप से व्यवस्थित, अनुकूलन के लिए पर्याप्त रूप से लचीला और इतना पारदर्शी होना चाहिए कि अर्थव्यवस्था के बारे में अनिश्चितता स्वयं केंद्रीय बैंक के बारे में अनिश्चितता न बन जाए।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्या कांति घोष ने कहा, "यही बात आरबीआई गवर्नर (संजय मल्होत्रा) ने प्रिंसटन विश्वविद्यालय में अपने हालिया भाषण में कही होगी और इसलिए इस संदेश को एक अग्रिम मार्गदर्शन के रूप में भी समझा जा सकता है।"

अनिश्चितता के दौर में मौद्रिक नीति के लिए मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को मजबूती से नियंत्रित करना आवश्यक है। घोष ने कहा कि वर्तमान समय में सुव्यवस्थित विनिमय दर प्रवाह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके लिए पर्याप्त लचीलेपन के साथ एक सुनियोजित पैकेज की आवश्यकता है। वित्त वर्ष 2027 में कुल भुगतान संतुलन (बीओपी) के नकारात्मक (-28 अरब डॉलर) रहने का अनुमान है, साथ ही व्यापार संतुलन के भी नकारात्मक रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले वर्ष सकारात्मक प्रवाह की धारणा के आधार पर पूंजी खाते में 26.5 अरब डॉलर का अधिशेष रहने का अनुमान है।

विनिमय दर को हमेशा के लिए झटके को अवशोषित करने वाला तंत्र नहीं माना जा सकता, क्योंकि अनिश्चितताओं और अस्थिरताओं के बढ़ते स्तर के कारण यह आयातित मुद्रास्फीति के एक ऐसे तंत्र में बदल जाती है जो कई चैनलों के माध्यम से रिसकर मुद्रास्फीति की उम्मीदों को स्थिर करती है और कई बार विवेकपूर्ण और लचीली मौद्रिक नीति निर्माण के मूल उद्देश्य को ही विफल कर देती है।

## अमेरिकी फेड के फैसले से पहले सोना और चांदी में मामूली तेजी

मुंबई (आरएनएस)। अमेरिकी फेड के फैसले से पहले बुधवार को सोना और चांदी मजबूती के साथ खुले। इस दौरान दोनों कीमती धातुओं में एक सीमित दायरे में कारोबार देखा गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 जून, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,50,027 रुपए के मुकाबले 693 रुपए या 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,50,720 रुपए पर खुला। हालांकि, 9:55 पर यह 19 रुपए या 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,50,008 रुपए पर था।

अब तक के कारोबार में सोने ने 1,49,720 का न्यूनतम स्तर और 1,51,527 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ। चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,42,763 रुपए के मुकाबले 826 रुपए या 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,43,589 रुपए पर था। खबर लिखे जाने तक यह 712 रुपए या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,43,475 रुपए पर था।

# ठप हो सकती हैं हवाई उड़ानें, फ्यूल की कीमतों ने तोड़ी एयरलाइंस की कमर; अब सरकार ही आखिरी उम्मीद

नई दिल्ली (आरएनएस)। आसमान में सफर करने वालों के लिए डराने वाली खबर सामने आई है। जेट फ्यूल (ATF) की लगातार बढ़ती कीमतों ने भारत की बड़ी एयरलाइन कंपनियों की टेंशन को चरम पर पहुंचा दिया है। हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि अगर जल्द ही कोई सुधार नहीं हुआ, तो देश में फ्लाइट सर्विस के पूरी तरह से ठप होने का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। भारत की शीर्ष एयरलाइन कंपनियों जिसमें एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट शामिल हैं, उनका प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस' (FIA) ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर एक बेहद गंभीर चेतावनी जारी की है और उड़ानों को जारी रखने के लिए तत्काल मदद की गुहार लगाई है।

### बंद होने की कगार पर पहुंची पूरी एयरलाइन इंडस्ट्री

संकट की भयावहता को बयां करते हुए एफआईए



ने सरकार को बताया है कि मौजूदा समय में भारतीय एयरलाइन इंडस्ट्री भयानक दबाव से गुजर रही है और यह पूरी तरह से बंद होने या अपना कामकाज रोकने की कगार पर पहुंच चुकी है।

संगठन के मुताबिक, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमतें इतनी ज्यादा अनिश्चित हो गई हैं कि इसका एयरलाइन कंपनियों के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों तरह के ऑपरेशंस पर बेहद विनाशकारी असर पड़ रहा है। लगातार बदलते दामों ने एयरलाइंस के रूट का पूरा अर्थशास्त्र ही बिगाड़ कर रख दिया है और उन्हें अपने नेटवर्क की व्यावहारिकता पर दोबारा विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### विदेशी रूट पर भारी नुकसान, प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहीं कंपनियां

एफआईए ने मौजूदा एड-हॉक प्राइसिंग सिस्टम की कड़ी आलोचना करते हुए बताया है कि विदेशी उड़ानों के कामकाज के लिए एटीएफ की कीमतों में अचानक 73 से 75 रुपये प्रति लीटर तक की भारी-भरकम बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस बेतहाशा वृद्धि के कारण कई अंतरराष्ट्रीय रूट अब पूरी तरह से घाटे का सौदा बन गए हैं। इसके चलते भारतीय एयरलाइंस का मुनाफा तेजी से गिर रहा है और उन्हें उन विदेशी एयरलाइंस के सामने टिकने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जो कम लागत वाले हब से अपना संचालन कर रही हैं।

### सरकार से टैक्स छूट की मांग, वरना रद्द होंगी ढेरों उड़ानें

इस भारी वित्तीय संकट से बाहर निकलने के लिए एफआईए ने सरकार के सामने कुछ इमरजेंसी मांगें रखी हैं। इसमें घरेलू ऑपरेशंस के लिए एटीएफ पर लगने वाले 11 प्रतिशत उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) को कुछ समय के लिए तुरंत प्रभाव से निलंबित करना शामिल है।

इसके अलावा एक स्टैंडर्ड क्रैक बैंड प्राइसिंग मैकेनिज्म को दोबारा लागू करने और प्रमुख एविएशन हब में वैट कम करने की भी जोरदार मांग की गई है। एफआईए ने सरकार को साफ चेतावनी दी है कि अगर मौजूदा टैक्स स्ट्रक्चर में बदलाव नहीं किया गया और मनमाने तरीके से कीमतें बढ़ती रहीं, तो कंपनियों को मजबूरन अपनी उड़ानें रद्द करने की नौबत आ जाएगी।

## शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

### सेंसेक्स 609, निफ्टी 181 अंक उछला

मुंबई (ए.)। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ । बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बाद बाद भी खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 609.45




अंकों की बढ़त के साथ ही 77,496.36 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 181.95 अंक उछलकर 24,177.65 पर रहा। आज कारोबार के दौरान वाहन और रियल्टी शेयरों में उछाल से बाजार ऊपर आया। बीच के दौर में हालांकि मुनाफावसूली हावी होने से बाजार की तेजी पर कुछ हद तक अंकुश लग गया।

कारोबार के दौरान व्यापक बाजारों में भी मिश्रित रुख दिखा। निफ्टी मिडकैप में गिरावट रही जबकि निफ्टी स्मॉलकैप में बढ़त रही। क्षेत्रवार देखें तो निफ्टी एफएमसीजी में , निफ्टी रियल्टी और निफ्टी ऑटो शेयरों में तेजी रही। इसके अलावा, निफ्टी आई , निफ्टी ऑयल एंड गैस , निफ्टी मेटल में बढ़त रही जबकि निफ्टी मीडिया, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी पीएसयू बैंक के शेयर गिरे। निफ्टी के शेयरों में आईटीसी, टेक महिंद्रा, कोल इंडिया, मारुति, भारती एयरटेल, टाटा कंज्यूमर, एमएंडएम और आयशर मोटर्स के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त रही।

## 24 साल के लड़के ने 4 महीने में खड़ी की 1 करोड़ की कंपनी!, बड़े-बड़े कारोबारियों के उड़े होश

नई दिल्ली (आरएनएस)। जहां आज के दौर में स्टार्टअप शुरू करना चुनौतीपूर्ण माना जाता है, वहीं 24 वर्षीय उद्यमी उज्ज्वल नरगोत्रा ने महज चार महीनों में 1 करोड़ रुपये का कारोबार खड़ा करने का दावा कर सबका ध्यान खींच लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस कहानी ने जहां कई लोगों को प्रेरित किया है, वहीं कुछ सवाल भी खड़े किए हैं।

### क्रिएटर इकोनॉमी की समस्या से मिला आइडिया

उज्ज्वल के मुताबिक, उन्हें यह आइडिया कंटेंट क्रिएटर्स की एक आम समस्या से मिला। उन्होंने देखा कि क्रिएटर्स अच्छे कंटेंट तो बना लेते हैं, लेकिन उन्हें मिलने वाले हजारों मैसेज, डीएम और कमेंट्स को मैनेज करना मुश्किल होता है। इसी चुनौती को अवसर में बदलते हुए उन्होंने एक ऑटोमेशन टूल बनाने का फैसला किया।

### 4 महीने में 1 करोड़ का सफर

उज्ज्वल ने ज्यादा सोचने के बजाय तेजी से काम करने का फैसला किया। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और एक बेसिक प्रोडक्ट तैयार किया। यह परफेक्ट नहीं था, लेकिन इतना अच्छा जरूर था कि यूजर्स इसे इस्तेमाल कर सकें। उनका प्लेटफॉर्म LinkPlease क्रिएटर्स के ऑडियंस एंगेजमेंट को ऑटोमेट करने में मदद करता है, जिससे वे मिस हुए मैसेज और मौके को कैच कर सकें। धीरे-धीरे इस प्लेटफॉर्म से 10,000 से ज्यादा क्रिएटर्स जुड़ गए और यूजर फीडबैक के आधार पर प्रोडक्ट को बेहतर बनाया गया। उज्ज्वल का दावा




है कि उनकी कंपनी ने बिना किसी बाहरी फंडिंग के 1 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया।

### अगला लक्ष्य—10 करोड़ का विस्तार

उज्ज्वल अब अपने स्टार्टअप को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी में हैं। उनका लक्ष्य इस कारोबार को 1 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। उनका मानना है कि सही समस्या की पहचान और तेजी से समाधान ही सफलता की कुंजी है।

### सफलता के दावे पर उठे सवाल

हालांकि, इस कहानी को लेकर सोशल मीडिया पर बहस भी छिड़ गई है। कई यूजर्स पूछ रहे हैं कि 1 करोड़ का आंकड़ा वास्तव में रेवेन्यू है या कंपनी की कुल वैल्यू। कुछ ने इसकी तुलना ManyChat और SuperBio जैसे प्लेटफॉर्म्स से करते हुए पूछा कि इसमें नया क्या है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## विपक्षी खेमों में अविश्वास क्यों

चर्चा होने पर संसदीय रिकॉर्ड में यह दर्ज होता कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर विपक्षी खेमों में अविश्वास क्यों गहरा रहा है। बहस के दौरान सत्ता पक्ष भी अपनी बात कहता, जिससे उसके तर्क भी आम लोगों तक पहुंच पाते।मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष के प्रस्ताव को राज्यसभा के सभापति और लोकसभा स्पीकर ने ठुकरा दिया है। दोनों सदनों के महासचिवों ने अपनी विज्ञप्तियों में कहा कि उचित विचार-विमर्श के बाद पीठासीन अधिकारियों ने ये फैसला लिया। सी.पी. राधाकृष्णन और ओम बिड़ला के इस निर्णय का अर्थ है कि इस विषय पर दोनों सदनों में बहस नहीं होगी। जबकि संबंधित प्रस्ताव पर लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सदस्यों के दस्तखत थे। यानी ऐसे प्रस्ताव पर चर्चा के लिए हस्ताक्षर की जरूरी संख्या विपक्ष के पास है।

प्रस्ताव में उन कारणों का विस्तार से उल्लेख है कि विपक्ष क्यों ज्ञानेश कुमार को सीईसी जैसे महत्त्वपूर्ण संवैधानिक पद पर रहने के योग्य नहीं मानता। विपक्ष की चिंताओं पर सत्ता पक्ष गंभीरता से गौर करे, इसकी अपेक्षा आज के दौर में तो किसी को नहीं होगी! ऐसे में प्रस्ताव पर दलगत आधार पर ही मतदान होने की संभावना थी। उस हाल में विपक्ष के प्रस्ताव का गिर जाना तय था। लेकिन चर्चा होने पर संसदीय रिकॉर्ड में यह दर्ज होता कि जिस चुनावी प्रक्रिया से लोकसभा सहित विधायिका के तमाम निम्न सदन चुने जाते हैं, उस पर विपक्षी खेमों में अविश्वास क्यों गहराता चला जा रहा है।बहस के दौरान सत्ता पक्ष भी अपनी बात कहता, जिससे आम लोगों के लिए इस बारे में किसी नतीजे पर पहुंचना आसान हो जाता कि विपक्ष की बातों में दम है, या नहीं। वैसे भी किसी पक्ष के मन में बैठे गुबार को निकल जाने देना लोकतंत्र की सेहत के लिए अच्छा समझा जाता है। विपक्ष के साथ-साथ देश की जनता के एक बड़े हिस्से के मन में चुनाव प्रक्रिया लेकर शक गहराई तक समा गया है, जिसके नतीजे अब सामने आने लगे हैं। इससे किस तरह की स्थितियां पैदा हो सकती हैं, उसके कुछ संकेत हाल में पश्चिम बंगाल में देखने को मिले हैं। वैसी घटनाओं का संदेश है कि इस वक्त चुनाव प्रक्रिया से जुड़े तमाम मुद्दों पर खुलकर और विस्तृत बहस की जरूरत है। मगर पीठासीन अधिकारियों ने इस अवसर से देश को वंचित कर दिया है।

## मतदान बढ़ने से उलझे समीकरण

**– सुरेश हिंदुस्तानी**

पश्चिम बंगाल में भारी मतदान से यह तो तय हो चुका है कि मतदाता चुनाव का महत्व समझ चुका है। लेकिन इससे राजनीतिक दलों को हिसाब लगाने में पसीना बहाना पड़ रहा है। सबके गणित उलझ गए हैं। पहले चरण में 92 प्रतिशत मतदान जहाँ एक ओर राजनीतिक दलों के लिए चिंता की लकीर खींच रहा है, वहीं एक राजनीतिक लाभ देने का भी संकेत करने वाला भी कहा जा रहा है। इस बार के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा बहुत पहले से पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने के लिए कदम उठा रही थी। पिछले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार से भाजपा ने अपना राजनीतिक प्रभाव जमाया है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा सकता। यही आंकड़े तृणमूल कांग्रेस की सरकार के लिए खतरे की घंटी बजाते हुए दिखाई देने लगे हैं। ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि उनके सामने अपनी राजनीतिक साख बचाने की मज़बूरी है। राजनीतिक आकलन किया जाए तो यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि ममता केवल और केवल पश्चिम बंगाल तक ही अपना राजनीतिक प्रभाव रखती हैं, अगर किसी कारण से पश्चिम बंगाल भी उनके हाथ से निकल जाता है, तो तृणमूल कांग्रेस को अपना जनाधार स्थापित करने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। हालांकि ममता बनर्जी की कार्यशैली को देखकर यह कोई नहीं कह सकता कि वह आसानी से पराजय स्वीकार कर लेंगी। सभी जानते हैं कि वह स्वयं मोर्चा संभाल लेती हैं। एसआईआर के मुद्दे पर हम सभी ने देखा ही है कि वे सर्वोच्च न्यायालय में भी खड़ी हो गई।

# नारंगी अर्थव्यवस्थाः जनजातीय कला, हस्तशिल्प और आजीविका

**रंजना चोपड़ा**



वर्शांग खैयर मणिपुर के उखरूल जिले के लॉन्गपी गाँव के निवासी हैं, जो अपने और अपने परिवार की रोजी-रोटी गाँव में उपलब्ध गारे और सर्पेंटीनाइट पत्थर से बर्तन बनाकर कमाते हैं। स्थानीय तांगखुल नागा जनजातियों के अनुसार, यह पारंपरिक शिल्प, देवी पंथोइबी की कृपा है और आज यह उनकी आय का मुख्य स्रोत है और इसने छोटे से गाँव को वैश्विक मानचित्र पर ला दिया है। इसी तरह, नॉर्थी कुट्टन, जो तमिलनाडु के उद्हगमंडलम जिले के पागलकोड मंड गाँव में रहते हैं, पारंपरिक कढ़ाई कला से अपनी आजीविका कमा रहे हैं। इस कढ़ाई कला का उपयोग नीलगिरी के हरे-भरे जंगलों में बसे टोडा जनजाति समूह द्वारा किया जाता है। जीआई टैग से युक्त यह शिल्प प्रकृति और सामुदायिक बंधन का जश्न मनाता है और इसे बहुत ही सुंदरता के साथ टेबल मैट, रनर, जैकेट आदि पर अंकित किया जाता है और समकालीन उपयोग में इसे लोकप्रियता भी मिली है। खैयर और कुट्टन दोनों अपने पारंपरिक जनजातीय कला रूपों के एक उन्नत रूप का अभ्यास करके सालाना लगभग 6-8 लाख रुपये कमाते हैं।

जनजातीय आजीविका लंबे समय से ज्ञान और पारंपरिक प्रथाओं पर आधारित रही है, जहां रचनात्मकता शिल्प, परंपरा, वस्त्र, संगीत, नृत्य, कथा-वाचन और भाषाओं में निहित है। ये केवल उत्पाद या सेवाएं नहीं हैं, बल्कि ज्ञान की जीवित विरासत हैं, जो पीढ़ियों के माध्यम से आगे बढ़ती हैं। जनजातीय समुदायों के पास मौजूद रचनात्मक संपत्तियों का महत्वपूर्ण आर्थिक मूल्य है, जिसे यदि परंपरा के प्रति संवेदनशील रहते हुए सतत तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह नारंगी अर्थव्यवस्था (ऑरेंज इकोनॉमी) को गति दे सकता है और इस इकोसिस्टम के तहत आय उत्पन्न करने वाली गतिविधियों का सृजन कर सकता है।

रचनात्मक अर्थव्यवस्था को दर्शाने के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली नारंगी अर्थव्यवस्था, यूएनसीटीएडी (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) के अनुमान के अनुसार 2 ट्रिलियन डॉलर से 2.25 ट्रिलियन डॉलर के बीच है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 3.1 प्रतिशत है। भारत में, जहाँ हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए ठोस डेटा मौजूद है, वहीं जनजातीय शिल्प और आजीविका के लिए डेटा की कमी है। हालांकि, रणनीतिक निहितार्थ स्पष्ट है: जनजातीय कला और शिल्प कुछ ऐसी ग्रामीण आजीविकाएं हैं, जो वैश्विक रचनात्मक वस्तुएँ की मांग से सीधे जुड़ सकती हैं यदि प्रामाणिकता, लॉजिस्टिक्स और गुणवत्ता प्रणाली मौजूद हों।

अनुमान है कि भारत की अनुसूचित जनजाति की आबादी 104 मिलियन है और कुल आबादी में इसकी हिस्सेदारी लगभग 8.60 प्रतिशत है। लगभग 700 अलग-अलग जनजातीय समुदाय विभिन्न पारिस्थितिक क्षेत्रों में निवास करते हैं: जंगल, पहाड़, मैदान और सीमा क्षेत्र। इस विविधता का प्रत्यक्ष आर्थिक संबंध है। यह पारिस्थितिकी के अनुसार शिल्प विशेषज्ञता को प्रतिबिंबित करता है, जैसे जंगल वाले क्षेत्रों में बांस और छड़ी, खनिज क्षेत्रों में धातु और मिट्टी, और बुनाई गलियारों में वस्त्र परंपराएँ। इसके परिणामस्वरूप, भारत के जनजातीय क्षेत्र; एकल जनजातीय शिल्प क्षेत्र के बजाय विविध अर्थव्यवस्थाओं से युक्त हैं। इसलिए, नीति निर्माण क्षेत्रीय रूप से भिन्न होना चाहिए और सभी के लिए उपयुक्त एक ही शिल्प योजना नहीं होनी चाहिए। नीतियों को कच्चे माल की सीमाओं, डिज़ाइन और गुणवत्ता संबंधी मुद्दों और बाजार संबंधों को ध्यान में रखना चाहिए।

वर्तमान में, जनजातीय कला/हस्तशिल्प आजीविका इकोसिस्टम, कई मंत्रालयों और संस्थानों के कार्यादेशों से बना है, जो विभिन्न स्तरों पर एक-जैसे हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय इस इकोसिस्टम का मुख्य स्तंभ है और विकास के लिए अत्यंत आवश्यक अवसंरचना में सुधार करता है और ट्राइफेड (भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड) के माध्यम से बाजार-जुड़ाव की सुविधा देता है। ट्राइफेड एक प्रमुख बाजार संचालक के रूप में कार्य करता है। ट्राइफेड वन धन विकास केंद्रों (वीडीवीके) का समर्थन करता है, जो खरीद और मूल्य संवर्धन के लिए जमीनी स्तर की इकाइयाँ हैं। ट्राइफेड, ट्राइब्स इंडिया आउटलेट और आदि महोत्सव/हाट्स के माध्यम से खुदरा विपणन करता है ताकि उत्पादकों को खरीदारों और संस्थागत भागीदारों से जोड़ा जा सके। वस्त्र मंत्रालय राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के माध्यम से हस्तशिल्प को बढ़ावा देता है और समग्र हथकरघा/हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजनाओं (सीएचसीडीएस) के माध्यम से क्लस्टर अवसंरचना को प्रोत्साहन देता है और कारीगरों के डेटाबेस को अद्यतन करता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) पारंपरिक उद्योग पुनरुत्थान निधि योजना (स्फूर्ति) के माध्यम से क्लस्टर पुनरुत्थान और बिक्री-योग्यता का समर्थन करता है, स्पष्ट रूप से आपूर्ति-संचालित मॉडल के बदले बाज़ार-संचालित मॉडल का उपयोग करता है और ई-कॉमर्स को एक माध्यम के रूप में महत्व देता है।

अनुभव से पता चलता है कि ग्रामीण आजीविका मूल्य-श्रृंखला चुनौतीपूर्ण है क्योंकि ये कमजोर हैं, कारीगर सीधे बाजार से जुड़े नहीं होते हैं और मध्यस्थों पर अधिक निर्भर रहते हैं। ये कारक लाभ कम कर देते हैं तथा खराब भंडारण और एकत्रीकरण की वजह से अर्थव्यवस्था के विस्तार को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि हम विश्लेषण को कारीगर परिवारों के स्तर तक और गहराई से देखें, तो जो पैटर्न दिखाई देता है वह मिश्रित अर्थव्यवस्था का है। कारीगर शिल्प कार्य को सहायक या अंशकालिक रोजगार के रूप में देखते हैं, विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों में, जहां कृषि मौसम-आधारित है या परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। इस परिस्थिति में, खराब ऋण पात्रता और उद्यम विकास, बाजार से जुड़ाव की कमी और व्यापारियों पर निर्भरता से आय प्रवाह अनियमित हो जाता है।

हालांकि, शिल्प कम पूंजी में घर पर उत्पादित किए जा सकते हैं, जिनमें उच्च लाभ की संभावना भी हो सकती है। शिल्प हस्तक्षेप अक्सर महिलाओं के रोजगार, आय और सौदेबाजी की शक्ति से जुड़े कार्यक्रम होते हैं। मोटे अनुमान बताते हैं कि 7 मिलियन से अधिक कारीगरों में महिलाओं की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत से 70 प्रतिशत से अधिक हैं और हथकरघा क्षेत्र के बुनकरों में 72.29 प्रतिशत महिलाएं हैं। कौशल हस्तांतरण अनौपचारिक होता है और आमतौर पर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को दिया जाता है। जनजातीय कला रूपों के लिए, जहां तकनीक और आख्यान में सांस्कृतिक अर्थ निहित होता है, वहाँ हस्तांतरण दोनों तरह का होता है— आर्थिक (कौशल) और सांस्कृतिक (प्रामाणिकता)।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत तीन मौजूदा मॉडल मजबूत जुड़ाव के उपाय प्रदान करते हैं: वीडीवीके जैसी उत्पादनकर्ता समितियाँ, जो साझा अवसंरचना और संग्रहण प्रदान करती हैं; ट्राइब्स इंडिया स्टोर जो खरीदार से जोडने में मदद करते हैं और राज्य स्तर पर क्लस्टर विकास और कौशल उन्नयन के लिए सहकारी संस्थाएँ। उदाहरण के लिए, ओडिशा में 150 वीडीवीके कार्यरत हैं जिनकी कुल बिक्री 2,459.91 लाख है और जिसमें लगभग 40,000 जनजातीय उत्पादकों को एकीकृत किया गया है। जनजातीय विकास सहकारी निगम एक उच्च स्तरीय सहकारी संस्था है, जो जनजातीय उत्पादकों द्वारा तैयार किये गये वन और गैर-वन आधारित वस्तुओं के विपणन और ब्रांडिंग का कार्य करती है।

# सुकमा जहाँ सड़कें खत्म होती हैं, वहाँ से शुरू होती है उम्मीद की नई किरण

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान और आंखों में बेहतर भविष्य की उम्मीद जगा रहा है

छत्तीसगढ़ का सुकमा जिला, जो कभी अपनी भौगोलिक दुर्गमता के लिए जाना जाता था, आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई इबारत लिख रहा है। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत वनांचल के उन हिस्सों तक डॉक्टर और दवाइयां पहुँच रही हैं, जहाँ पहुँचना कभी नामुमकिन सा लगता था। यह अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बस्तर की पहाडियों में बसने वाले आदिवासियों के लिए जीवन का नया उजाला बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान आज सुकमा के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान और आंखों में बेहतर भविष्य की उम्मीद जगा रहा है।

### दहलीज पर डॉक्टर- घर-घर जांच और उपचार

इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पहुँच है। स्वास्थ्य कर्मी अब केवल अस्पतालों में मरीजों का इंतज़ार नहीं करते, बल्कि खुद पैदल चलकर दुर्गम गांवों तक पहुँच रहे हैं। मलेरिया, टीबी और कुष्ठ जैसी बीमारियों की मौके पर जांच कर रहे हैं। जीवनशैली बीमारियां, बीपी, शुगर, सिकलसेल और कैंसर जैसे गंभीर रोगों की पहचान कर उपचार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### संकल्प की शक्ति- 310 किलोमीटर का जीवन सफर

हाल ही में पुटेपढ़ गांव से एक मरीज को जिला अस्पताल तक पहुँचाने की घटना स्वास्थ्य विभाग के समर्पण का जीवंत उदाहरण है। कलेक्टर सुकमा के मार्गदर्शन में पोटकपल्ली की टीम ने मरीज को किस्टाराम से होते हुए सुकमा जिला अस्पताल पहुँचाया। 310 किलोमीटर की यह चुनौतीपूर्ण यात्रा केवल एक रेफरल नहीं था, बल्कि प्रभावी काउंसलिंग, समय पर निर्णय और मजबूत फॉलो-अप का परिणाम था, जिसने एक अनमोल जीवन बचा लिया।

### आयुष्मान भारत- आर्थिक बेडियों से आजादी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अनुसार आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। 5 लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज अब ग्रामीणों को इलाज के लिए जमीन बेचने या कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ती। हाल ही में किस्टाराम और मरईगुड़ा के 14 मरीजों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनाकर दिए गए, ताकि इलाज में एक क्षण की भी देरी न हो।

### आयुर्वेद और आधुनिकता का संगम

छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत वनाच्छादित क्षेत्र औषधीय गुणों का खजाना है। मुख्यमंत्री ने साय ने पद्महेमचंद मांझी के योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे पारंपरिक आयुर्वेद से कैंसर जैसी बीमारियों का उपचार संभव हो रहा है। राज्य सरकार अब आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ इन प्राकृतिक संसाधनों को भी बढ़ावा दे रही है।

### जमीनी स्तर पर व्यापक प्रभाव

अभियान के अंतर्गत केवल गंभीर रोगों का ही नहीं, बल्कि सामान्य विकारों का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है कोंटा क्षेत्र के 11 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण और मोतियाबिंद का परामर्श, अस्थमा और पैरों में सूजन जैसी समस्याओं के लिए विशेष जांच शिविर आयोजित कर उपचार किया गया। पोटकपल्ली और मरईगुड़ा जैसे अंदरूनी इलाकों से आती सफलता की ये कहानियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि जब प्रशासन और स्वास्थ्य कर्मी सेवा भाव से जुटते हैं, तो भूगोल की बाधाएं छोटी पड़ जाती हैं।




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घर से संबंधित किसी समस्या का समाधान मिलने वाला है। आप आज अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। बच्चों की शिक्षा और करियर से संबंधित काम हो सकता है। आज बिजनेस में आपको अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं। आज सिर्फ अपने कार्य की गुणवत्ता को बेहतर करने पर ध्यान देंगे।

वृष राशि- आपके लिए आज का दिन कुछ नये अनुभव लेकर आने वाला है। आज आपको अपने क्रय क्षमता को संयमित रखने की सख्त जरूरत है। आज फालतू की बातों में ध्यान बिलकुल ना दे और अपने काम पर फोकस रहें। आज दोपहर बाद परिस्थितियां सकारात्मक रहेंगी। समय के समुचित सदुपयोग से शुभ लाभ मिलने के योग है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए यादगार रहने वाला है। आज बिजनेस में नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। अपने कार्यक्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, भविष्य में उसका परिणाम काफी अच्छा और दूरगामी होगा। ऑफिशियल यात्रा करना पड़ सकती है। प्रमोशन की संभावनाएं बन रही है। दांपत्य जीवन में एक दूसरे के प्रति सम्मानजनक रवैया रहेगा और घर में सुकून भरा खुशनुमा माहौल होगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस समय अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ज्यादा ध्यान दें। पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आज अचानक ही आपको कहीं से महत्वपूर्ण सहयोग और उचित सलाह मिलने से आपके काम को नयी गति मिलेगी।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। सुनियोजित दिनचर्या और नियंत्रित खान-पान से आप अपने स्वास्थ्य को अच्छा कर सकते हैं। आप अपने दम पर हर काम को करने की क्षमता महसूस करेंगे और आप ऐसा ही करेंगे भी। अगर घर के रख-रखाव संबंधी योजनाएं बन रही हैं, तो उसमें वास्तु संबंधी नियमों का भी पालन करना उचित रहेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा। आज आप कुछ महत्वपूर्ण आउट डोर गेम्स अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें इससे ऐसा करके आप स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव महसूस करेंगे। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी , इससे आपके रिश्ते में पहले से बेहतर होंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपको अपने स्वभाव में पारिवारिक परिवेश के अनुसार कुछ जरूरी बदलाव करना चाहिए। आज आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और उसी सामाजिक संस्था की तरफ से आपको सम्मानित भी किया जाएगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलना-मिलना ठीक नहीं है। आज अपनी खास बात किसी से शेयर ना करें। भविष्य से रिलेटेड निर्णय लेते समय अपनी माँ से एक बार विचार विमर्श जरूर करें आज उनके द्वारा दिए सुझाव आपके भविष्य में काफी लाभकारी साबित हो सकता है।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज व्यावसायिक कार्यप्रणाली में बेहतर सुधार होगा, जिससे आपके कार्य सुचारु रूप से पूरे होते रहेंगे। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए बहुत सही समय है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है यदि आज आप अच्छी तरह योजना बनाकर किसी भी रुके हुए कार्य करेंगे तो कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। आप अपनी विलक्षण प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखने का प्रयास करें साथ ध्यान रहे कि आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग गलत फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए कुछ सुनहरे अवसर लेकर आने वाला है। आज आप अपनी पूरी ऊर्जा जरूरतमंद लोगों की मदद में लगायेंगे। आज आपको अपने गुस्से पर काबू रखने की सख्त जरूरत है। आज जीवनसाथी और पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहेगा आपके आपसी रिश्ते सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे। बिजनेस के कार्यों में सुधार होगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहने की जरूरत है। आपका कर्तव्यपरायण और निष्पक्ष व्यक्तित्व आपके आस पास के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है।

# दुनिया में सैन्य खर्च बढ़ा, भारत पांचवें स्थान पर

**सुनील कुमार महला**

(स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट-2025)

दुनिया के देश अपने रक्षा बजट या यूं कहें कि सैन्य खर्च में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी कर रहे हैं। वास्तव में, आज के समय में दुनिया भर में सैन्य खर्च कई कारणों से तेजी से बढ़ रहा है। प्रमुख कारणों की यदि हम यहां पर बात करें तो भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध(रूस-यूक्रेन युद्ध), इजरायल हमास युद्ध, दक्षिण चीन सागर जैसे संघर्षों ने देशों को सुरक्षा पर अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित किया है। पड़ोसी देशों की प्रतिस्पर्धा (जैसे कि भारत, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की आपसी प्रतिस्पर्धा) भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। ये देश अपने सामरिक संतुलन बनाए रखने के क्रम में अपने सैन्य खर्च में बढ़ोत्तरी कर रहे हैं। सरल शब्दों में कहें तो जब एक देश हथियार खरीदता है, तो पड़ोसी देश भी अपनी सेना मजबूत करने लगते हैं। इसे हथियारों की दौड़ कहा जाता है। नई तकनीक और आधुनिक हथियार भी एक प्रमुख कारण बनकर उभरा है। पिछले कुछ समय से ड्रोन, साइबर सुरक्षा, मिसाइल रक्षा प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित हथियार, अंतरिक्ष रक्षा आदि पर भारी निवेश हो रहा है, जैसा कि आधुनिक युद्ध अब केवल सैनिकों से नहीं, तकनीक से भी लड़ा जाता है। आज आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा खतरों जैसे घुसपैठ, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि के कारण भी दुनिया के विभिन्न देशों ने अपने सैन्य खर्च में बढ़ोत्तरी की है।वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा ने भी सैन्य खर्च में बढ़ोत्तरी को जन्म दिया है। सच तो यह है कि आज के समय में चीन, अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश अपनी सैन्य शक्ति दिखाकर विश्व राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इतना ही नहीं, आज हथियार उद्योग कई देशों की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। रक्षा सौदों से रोजगार, निर्यात और तकनीकी विकास भी जुड़ा होता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि वर्तमान समय में सैन्य खर्च बढ़ना केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि सुरक्षा, शक्ति संतुलन, तकनीकी बढ़त और राजनीतिक प्रभाव का भी संकेत है। लेकिन अत्यधिक सैन्य खर्च से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास क्षेत्रों पर दबाव भी बढ़ सकता है।

इस क्रम में हाल ही में एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी के हवाले से यह खबरें आईं हैं कि भारत का रक्षा खर्च 8.9 प्रतिशत बढ़ा, और भारत 5वां सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश बन गया है। दरअसल, हाल ही में आई सिपरी की रिपोर्ट के अनुसार यह जानकारी सामने आई है कि वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर पार कर चुका है और भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश बन गया है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में भारत का सैन्य खर्च 8.9 प्रतिशत बढ़कर 92.1 अरब डॉलर हो गया। गौरतलब है कि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बड़ी बात यह है कि यह लगातार 11वां साल है, जब वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि दर्ज की गई है। पाठकों को बताता चलूं कि सबसे ज्यादा खर्च करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत शामिल हैं, जिनका वैश्विक खर्च में कुल योगदान 58 प्रतिशत है। सरल शब्दों में कहें तो सेना पर सर्वाधिक खर्च करने वाले देशों में अमेरिका, चीन, रूस और जर्मनी आज दुनिया में सबसे आगे पहुंच चुके हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और जर्मनी का सैन्य खर्च क्रमशः 954,864,336,190 तथा 114 अरब डॉलर हो गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर भार में बढ़ोत्तरी हुई है। जानकारी अनुसार दुनियाभर में सैन्य खर्च के चलते वैश्विक जीडीपी पर भार 2024 में 2.4 प्रतिशत था, जो 2025 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गया है। दुनियाभर में सरकारों का सेना पर औसत खर्च 2024 में 7 प्रतिशत था, जो 2025 में घटकर 6.9 प्रतिशत हो गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि ईरान-इजरायल का खर्च घटा है। पाठकों को बताता चलूं कि इजरायल का सैन्य खर्च 4.9 फीसदी घटकर 48.3 अरब डॉलर रहा, वहीं दूसरी ओर ईरान का खर्च लगातार दूसरे साल घटा, तथा वर्ष 2025 में यह 7.4 अरब डॉलर रह गया। आंकड़े बताते हैं कि नाटो का सैन्य खर्च 14 फीसदी बढ़कर कुल 864 अरब डॉलर हो गया, वहीं पर स्पेन ने सैन्य खर्च 50 फीसदी बढ़ाया है, और कुल बजट 40.2 अरब डॉलर हो गया। इधर, मध्य-पूर्व में सेना पर 218 अरब डॉलर खर्च हुए, वर्ष 2024 से 0.1 प्रतिशत कम।

हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत के रक्षा खर्च में वृद्धि की एक बड़ी वजह पिछले मई में भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष बताया गया है, जिसमें लड़ाकू विमानों, ड्रोन्स व मिसाइलों का इस्तेमाल हुआ। इसी के चलते पाकिस्तान का सैन्य खर्च भी 11 प्रतिशत बढ़कर 11.9 अरब डॉलर हो गया। दरअसल, पाकिस्तान ने चीन से नए हथियार भी खरीदे। गौरतलब है कि इससे वैश्विक स्तर पर सैन्य खर्च का बोझ (जीडीपी के अनुपात में) 2.5 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो कि साल 2009 के बाद सबसे अधिक है। मतलब यह है कि प्रति व्यक्ति औसतन 352 डॉलर सैन्य खर्च किया गया। रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका का सैन्य खर्च 7.5 प्रतिशत घटकर 954 अरब डॉलर रहा, जिसका कारण यूक्रेन को नई वित्तीय सहायता का न मिलना बताया गया। इसके विपरीत यूरोप में 14 प्रतिशत और एशिया व ओशिनिया क्षेत्र में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इतना ही नहीं, चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश है। दरअसल, चीन ने साल 2025 में अपना रक्षा बजट 7.4 प्रतिशत बढ़ाकर 336 अरब डॉलर कर दिया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह लगातार 31 वां वर्ष है जब चीन ने अपने देश का रक्षा खर्च बढ़ाया है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव व सुरक्षा चिंताओं के चलते देशों ने हथियारों व रक्षा तैयारियों पर खर्च बढ़ाया है।

## अंबाला कैंट में नयी सड़क एवं प्रशिक्षण संस्थान को मंजूरी

चंडीगढ़,(आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा है कि अंबाला कैंट के रंगिया मंडी से जीटी रोड तक नयी सड़क निर्माण के लिए रेलवे से भूमि 35 वर्ष की लीज पर लेने को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है।

इस परियोजना के तहत राज्य सरकार रेलवे को लगभग चार करोड़ रुपये देगी। उन्होंने कहा कि करीब 500 मीटर लंबी और 10 मीटर चौड़ी यह सड़क रंगिया मंडी ओवरब्रिज से जीटी रोडतक बनायी जाएगी। इससे सदर बाजार और महेशनगर क्षेत्र को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और लोगों को स्टाफ रोड का लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इसके अलावा, शाहपुर में ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान (आईडीटीआर) और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) स्थापित करने के लिए भूमि नगर परिषद से परिवहन विभाग को ट्रांसफर करने की मंजूरी भी मिल गई है। लगभग 13 एकड़ में बनने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए 11.49 करोड़ रुपये पहले ही स्वीकृत किये जा चुके हैं। श्री विज ने बताया कि आईडीटीआर से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिलेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जबकि एटीएस के जरिए हर सप्ताह करीब 300 वाहनों की फिटनेस जांच की जा सकेगी।

## पंजाब में धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को मिलेगी 1500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

कपूरथला,(आरएनएस)। पंजाब सरकार धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को 1500 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि देगी जिसके लिए 10 मई से विभाग के पोर्टल पर पंजीयन शुरू होगा। उपायुक्त आकाश बंसल ने मंगलवार को बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान 10 मई से विभाग के पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीयन के दौरान किसानों को अपना आधार नंबर भरना होगा और उनकी व्यक्तिगत तथा बैंक संबंधी जानकारी 'अनाज खरीद/ई-मंडीकरण' पोर्टल के अनुसार ही प्राप्त की जाएगी। किसानों को केवल अपनी सीधी बिजाई के अधीन रकबा, जिला, तहसील, गांव तथा खेवट/खसरा नंबर संबंधी विवरण देना होगा। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की कि पानी की बचत के लिए अधिक से अधिक रकबे में धान की सीधी बिजाई को प्राथमिकता दी जाए।

## राउरकेला से जाजपुर जा रही बस की ट्रक से टक्कर, 4 की मौत; 20 से अधिक घायल

राउरकेला,(आरएनएस)। ओडिशा के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 143 पर चांदीपोष थाना क्षेत्र के मूषाबिरा के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। राउरकेला से यात्रियों को लेकर जाजपुर जा रही प्रमिला बस और एक ट्रेलर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बस के दो चालक, एक खलासी और ट्रेलर चालक की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक यात्री घायल हो गए। इनमें से 10 की हालत गंभीर बनी है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे PM मोदी, 108 बटुकों ने किया शंखनाद, 14 किलो मीटर के रोड शो में बरसाए गए फूल



वाराणसी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी (काशी) में भव्य रोड शो किया। करीब 14 किलोमीटर लंबे इस रोड शो के दौरान शहर देशभक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। पीएम बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस से रवाना होकर काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उनका पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया।

मंदिर के प्रवेश द्वार पर 108 बटुकों ने शंखनाद कर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। इसके बाद उन्होंने बाबा विश्वनाथ के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना की। पांच पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई, उन्हें माला पहनाई गई और त्रिपुंड लगाकर आशीर्वाद दिया गया।

### रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

रोड शो के दौरान जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता नाचते नजर आए, जबकि काफिले पर फूलों की बारिश की गई। पीएम मोदी ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

### हरदोई में करेंगे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन

मंदिर दर्शन के बाद प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से एयरपोर्ट रवाना होंगे और वहां से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हरदोई जाएंगे।

यहां वे 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे, जो मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने वाला देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे में से एक होगा।



)गाज़ियाबाद के इंदिरापुरम स्थित अभय खंड में गौर ग्रीन एवेन्यू में भीषण आग लगने के बाद घना धुआँ उठने लगा।

## पत्नी से प्रेम संबंध के शक में पति ने की किरायेदार की हत्या, खुद थाने पहुंच अपना जुर्म किया कबूल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी के कथित प्रेमी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने खुद पुलिस स्टेशन पहुंचकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है। करीब 4:20 बजे इंदिरा कॉलोनी निवासी वीरेंद्र (35 वर्ष) ने खुद पुलिस को सूचना दी कि उसने अपनी झुग्गी में अपने किरायेदार कन्हैया (29 वर्ष) की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। आरोपी वीरेंद्र पुलिस को घटनास्थल तक ले गया।पुलिस की पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी वीरेंद्र को अपनी पत्नी और मृतक किरायेदार कन्हैया के बीच अवैध संबंध होने का संदेह था। इसी शक ने उसे इतना गुस्सा दिलाया कि उसने खौफनाक कदम उठा लिया। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज ने भी आरोपी की मौजूदगी की पुष्टि की। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर जांच प्रक्रिया आगे बढ़ाई

## बड़ी जीत : होर्मुज की बाधा पार कर भारत के लिए सुरक्षित निकला विशाल एलएनजी टैंकर, देश में ऊर्जा संकट होगा खत्म

नई दिल्ली,(आरएनएस)। अमेरिका और ईरान की तनातनी ने मिडिल ईस्ट के समंदर को बारूद के ढेर में बदल दिया है। पूरी दुनिया सांसें रोककर बैठी है कि कब कौन सी मिसाइल तेल के बाजार में आग लगा दे। लेकिन इस खौफनाक और दमघोंटू माहौल के बीच एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने भारत की टेंशन छूमंतर कर दी है। जी हां, दुनिया के सबसे खतरनाक और विवादित समुद्री रास्ते 'होर्मुज जलडमरूमध्य' (Strait of Hormuz) से एक ऐसा चमत्कार हुआ है, जिसकी उम्मीद कम ही लोग कर रहे थे। युद्ध की आहट के बाद पहली बार प्राकृतिक गैस (LNG) से लदा एक भीमकाय जहाज इस 'मौत के समंदर' को चीरते हुए सुरक्षित बाहर निकल आया है।

खाड़ी में फंसा 'मुबाराज़' जहाज भारतीय सीमा के पास दिखा

जहाजों के आवाजाही की जानकारी देने वाले ट्रैकिंग डेटा ने एक बड़ा खुलासा किया है। सोमवार को 'मुबाराज़' नाम के इस विशाल जहाज को भारतीय समुद्री क्षेत्र के आस-पास देखा गया है। इस जहाज में



मार्च के महीने में ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के दास द्वीप संयंत्र से एलएनजी भरी गई थी। लेकिन, अचानक युद्ध भड़कने के कारण यह जहाज खाड़ी क्षेत्र में ही बुरी तरह फंस गया था। हालात इतने खराब हो गए थे कि लगभग 31 मार्च को इस जहाज ने अपने सिग्नल भेजने तक बंद कर दिए थे। अब इस सप्ताह भारतीय जलक्षेत्र के करीब इसके दोबारा दिखने से यह उम्मीद जगी है कि दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्ग पर तनाव कुछ कम हो रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, मुबाराज़ जहाज फिलहाल चीन की ओर बढ़ रहा है और मई के पहले सप्ताह में इसके भारत पहुंचने की पूरी संभावना है।

आखिर एलएनजी क्या है और होर्मुज पर क्यों मचा है कोहराम?

एलएनजी यानी द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (Liquefied Natural Gas) भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ मानी जाती है। प्राकृतिक गैस को -162 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा करके तरल रूप में बदला जाता है, जिससे इसका आयतन काफी कम हो जाता है और जहाजों के जरिए इसे लंबी दूरी तक सुरक्षित ले जाना आसान हो जाता है। हालांकि इसका सीधा इस्तेमाल घरों में नहीं होता, लेकिन यह देश की पूरी गैस आपूर्ति प्रणाली को ऊर्जा प्रदान करने का काम करती है। हाल ही में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी व्यापारिक जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाकर वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी हड़कंप मचा दिया था। इसके जवाब में अमेरिका ने भी इस अहम मार्ग पर कड़ी नाकाबंदी कर दी थी।



*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार ममता बनर्जी ने कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दूसरे और अंतिम चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने के बाद जीत का निशान दिखाया।*

## संकटग्रस्त एमएसएमई और विमानन क्षेत्र को उबारने की तैयारी, 2.5 लाख करोड़ की क्रेडिट गारंटी योजना को ईएफसी की हरी झंडी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। वित्त मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में चल रहे भयंकर युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव के कारण नकदी के भारी संकट (Liquidity Stress) से जूझ रहे भारतीय व्यवसायों को बड़ी राहत देने की पूरी तैयारी कर ली है। सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs), एयरलाइंस और अन्य प्रभावित सेक्टरों को डूबने से बचाने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की विशाल क्रेडिट गारंटी योजना का एक कैबिनेट नोट तैयार किया है। विभिन्न मंत्रालयों के बीच इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर विचार-विमर्श का काम पूरा हो चुका है और अब सभी की निगाहें कैबिनेट पर टिकी हैं, जहां से जल्द ही इस पर अंतिम मुहर लगने की उम्मीद है।

EFC से मिल चुकी है हरी झंडी, अब कैबिनेट के पाले में गेंद

इस महात्वाकांक्षी राहत पैकेज को वित्त मंत्रालय की व्यय वित्त समिति (EFC) से पहले ही आधिकारिक मंजूरी मिल चुकी है। ईएफसी की इस हरी झंडी का सीधा मतलब यह है कि योजना के वित्तीय प्रभाव, इसके डिजाइन और रूपरेखा की आंतरिक तौर पर पूरी तरह से जांच-परख हो चुकी है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि ईएफसी की बैठकें और सिफारिशें पूरी होने के बाद अब यह प्रस्ताव कैबिनेट प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंच गया है। जल्द ही इस प्रस्ताव को कैबिनेट की अहम बैठक में पेश किया जाएगा और वहां से हरी झंडी मिलते ही इस महा-योजना को धरातल पर उतार दिया जाएगा।

### कोविड काल की तर्ज पर मिलेगी 'आपातकालीन' संजीवनी

सरकार की इस 2.5 लाख करोड़ रुपये की बड़े पैमाने वाली क्रेडिट सहायता योजना को साल 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई बहुचर्चित 'आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना' (ECLGS) के ही एक बड़े विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। इस भारी-भरकम राशि का मुख्य उद्देश्य सप्लाई चेन में आई रुकावटों, कच्चे माल की बढ़ती लागत और वैश्विक अनिश्चितता के कारण पैदा हुए वित्तीय दबाव को कम करना है। सरकार हर हाल में यह सुनिश्चित करना चाहती है कि नकदी की कमी के कारण ये कमजोर क्षेत्र बैंक लोन चुकाने में डिफाल्टर (Defaults) न बनें और उनका बिजनेस सुचारू रूप से चलता रहे।

### हवाई सफर और छोटे कारोबारियों पर सरकार का सबसे ज्यादा फोकस

पश्चिम एशिया के लंबे खिंचते संकट ने दुनिया भर में कमोडिटी की कीमतों और व्यापार की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। ऐसे में इस योजना के तहत सरकार का सबसे ज्यादा फोकस एविएशन सेक्टर और छोटे उद्योगों (MSME) को उबारने पर है। विमानन क्षेत्र इस समय आसमान छूते ईंधन के दामों और वैश्विक तनाव के कारण भारी परिचालन दबाव का सामना कर रहा है। वहीं, आयात पर निर्भर रहने वाले छोटे कारोबारी भी बाहरी मांग में आए झटके के कारण नकदी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। यह नई क्रेडिट गारंटी सुविधा इन डगमगाते क्षेत्रों के लिए एक बड़े सरकारी-समर्थित रक्षा कवच की तरह काम करेगी।

## कैबिनेट के अहम फैसले : शहरी गैस नीति 2026 को मंजूरी, राहत और विकास पर जोर

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में जनसुविधा, बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सबसे प्रमुख निर्णय 'छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति 2026' को मंजूरी देना रहा, जिससे प्रदेश में स्वच्छ और किफायती ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

नई नीति के तहत शहरी क्षेत्रों में पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का विस्तार किया जाएगा। इससे आम उपभोक्ताओं को एलपीजी के मुकाबले सस्ता और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। साथ ही, इस पहल से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ राज्य में गैस पाइपलाइन नेटवर्क के विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

मंत्रिपरिषद ने खेल अधोसंरचना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट अकादमी और आधुनिक खेल मैदान के निर्माण के लिए 5 एकड़ भूमि रियायती दर पर आवंटित करने का निर्णय लिया है।

## हेट स्पीच पर पहले से ही कानून मौजूद, एससी ने खारिज की याचिकाएं; नई गाइडलाइन बनाने से इनकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि, हेट स्पीच के अपराध से निपटने के लिए मौजूदा कानून काफी हैं। इसमें कोई कानूनी खालीपन नहीं है, जिसके लिए कोर्ट को दखल देने की जरूरत हो। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि, किसी अपराध के लिए सजा तय करना पूरी तरह से विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है।फैसला सुनाते हुए जस्टिस नाथ ने आगे कहा, शक्तियों के बंटवारे के सिद्धांत पर आधारित संवैधानिक व्यवस्था न्यायपालिका को न्यायिक निर्देशों के जरिए, नए अपराध बनाने या आपराधिक दायित्व के दायरे को बढ़ाने की इजाजत नहीं देती है। कोर्ट ने आगे कहा कि, याचिका कर्ताओं की शिकायत कानून की कमी से नहीं, बल्कि उसके लागू न होने की कमी से है।

## राहुल गांधी ने किया ग्रेट निकोबार द्वीप का दौरा, केंद्र की परियोजना पर बोले- ये विकास नहीं, विनाश है

नई दिल्ली ,,(आरएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को ग्रेट निकोबार द्वीप के दौरे का वीडियो शेयर किया और केंद्र सरकार पर निशाना। उन्होंने केंद्र की ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह विकास नहीं, बल्कि विकास की भाषा में छिपा हुआ विनाश है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी वीडियो में ग्रेट निकोबार द्वीप के जंगल में घूमते हुए नजर आए। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज मैंने ग्रेट निकोबार की यात्रा की। ये मेरी जिंदगी के सबसे अनोखे जंगल हैं। ऐसे पेड़ जो हमारी यादों से भी पुराने हैं। ऐसे जंगल जिन्हें उगने में कई पीढ़ियां लग गईं। इस द्वीप के लोग भी उतने ही खूबसूरत हैं, चाहे वे आदिवासी समुदाय हों या वहां बसने वाले लोग, लेकिन उनसे वह सब छीना जा रहा है जिस पर उनका हक है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, सरकार यहां जो कर रही है, उसे वह प्रोजेक्ट कहती है। लेकिन मैंने जो देखा, वह कोई प्रोजेक्ट नहीं है। यह लाखों पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने की तैयारी है। यह 160 वर्ग किलोमीटर का वर्षावन है जिसे खत्म होने के लिए छोड़ दिया गया है। ये ऐसे समुदाय हैं जिनकी अनदेखी की गई, जबकि उनके घर उनसे छीन लिए गए। यह विकास नहीं है। यह तो विकास की भाषा में छिपा हुआ विनाश है।राहुल गांधी ने पोस्ट में यह भी कहा कि ग्रेट निकोबार में जो कुछ हो रहा है, वह सबसे बड़ा घोटाला और इस देश की प्राकृतिक व आदिवासी विरासत के खिलाफ सबसे गंभीर अपराधों में से एक है। उन्होंने कहा, इसे रोका जाना चाहिए। और इसे रोका जा सकता है, अगर भारतीय भी वही देखें जो मैंने देखा है।

# हरियाणा में जल संकट गहराया, सरकार तुरंत सुनिश्चित करे नियमित पेयजल आपूर्ति : कुमारी सैलजा



चंडीगढ़,(आरएनएस)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पेयजल संकट गंभीर रूप ले चुका है। प्रदेश के कई जिलों, विशेषकर सिरसा के ऐलनाबाद क्षेत्र समेत विभिन्न इलाकों में पानी की भारी कमी देखी जा रही है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों पर पानी की राशनिंग तक करनी पड़ रही है और लोगों को टैंकरों के सहारे रहना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि एक ओर पानी की किल्लत है, वहीं दूसरी ओर बिजली संकट ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी के बीच लंबे-लंबे बिजली कट आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि जिस हरियाणा को विकसित राज्य बताया जाता है, वहां आज गांवों और शहरों में पंचायतों की सबसे बड़ी मांग पेयजल टैंकर बन गयी है। यह स्थिति राज्य की जल प्रबंधन व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि अपने सांसद कोटे से उन्होंने कई गांवों में पानी के टैंकर उपलब्ध करवाये हैं, लेकिन इसके बावजूद मांग लगातार बढ़ रही है।उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि पेयजल आपूर्ति को तुरंत प्रभाव से नियमित और सुचारू बनाया जाये, ताकि लोगों को राहत मिल सके। साथ ही बिजली आपूर्ति में भी सुधार किया जाये।सैलजा ने कहा कि सिरसा के ऐलनाबाद और नाथुसरी चोपटा क्षेत्र के लोग राजस्थान से पानी लाकर गुजारा कर रहे हैं, जबकि कई गांवों में लोगों को पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## बंगाल चुनाव : फाल्टा में वोटिंग के बीच ईवीएम से छेड़छाड़, भाजपा का आरोप- ब्लॉक किया गया पार्टी का बटन

कोलकाता ,,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान ईवीएम से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि ईवीएम पर पार्टी के विकल्प वाली बटन को ब्लॉक किया गया, जिससे वोटर अपना पसंदीदा उम्मीदवार चुनने से वंचित हो गए। भाजपा ने चुनाव आयोग से घटना पर संज्ञान लेने की अपील की है। भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई वीडियो शेयर किए। इन वीडियो में भाजपा के चिन्ह के सामने की बटन को ब्लॉक किया गया था। वीडियो बना रहे व्यक्ति चुनाव कर्मचारियों से शिकायत करते हुए नजर आए। उन्होंने दावा किया फाल्टा के हरिणडांगा हाई स्कूल में बने मतदान केंद्र के कमरा नंबर दो और बूथ-189 पर मतदान प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही कई अन्य बूथ भी हैं। अमित मालवीय ने पोस्ट में लिखा, ममता बनर्जी इसी चीज का बचाव कर रही थीं, जब उन्होंने जहांगीर खान के लिए आवाज उठाई थी। कई पोलिंग बूथों पर भाजपा को वोट देने का विकल्प टेप लगाकर ब्लॉक कर दिया गया है, जिससे वोटर अपना पसंदीदा उम्मीदवार चुनने से प्रभावी रूप से वंचित हो गए हैं।

# हुमा कुरैशी का अप्रैल महीना कैसा बीता, एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर किया शेयर

*अप्रैल महीना समाप्त होने वाला है। ऐसे में अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बीते महीने की एक झलक पेश की है। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अप्रैल के महीने के बचे हुए सामान को साझा करते हुए स्वीकार किया कि उन्हें लगता है कि अप्रैल का महीना बहुत जल्दी बीत गया।उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, यह महीना... बहुत तेजी से बीत रहा है... अप्रैल अभी खत्म भी नहीं हुआ है।*

एल्बम की पहली तस्वीर में हुमा अपने बिस्तर पर लेटी हुई थीं। इसके बाद गैंग्स ऑफ वासेपुर की




अभिनेत्री की एक और शानदार तस्वीर थी, जिसमें वह मिरर सेल्फी में बेहद आकर्षक लग रही थीं।कैफे में आराम करने से लेकर सड़क पर खुशी-खुशी अपनी कॉफी का आनंद लेने तक और खरीदारी करने तक, अप्रैल का महीना हुमा के लिए गतिविधियों से भरा हुआ था। इस पोस्ट में हुमा द्वारा पसंद किए गए सभी स्वादिष्ट व्यंजनों की झलक भी मिलती है, जिनमें एक संतुलित देसी थाली, वड़ा पाव और बर्गर शामिल हैं।जॉली एलएलबी 2 की अभिनेत्री ने अपने प्यारे पालतू जानवर की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।काम की बात करें तो हुमा कुरैशी यश अभिनीत फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स की रिलीज के लिए तैयार हो रही हैं, जिसमें वह एलिजाबेथ की भूमिका निभाएंगी।इससे पहले फिल्म निर्माता गीतु मोहनदास ने खुलासा किया था कि एलिजाबेथ की भूमिका निभाने के लिए एक उच्च क्षमता और करिश्माई स्क्रीन प्रेजेंस वाले अभिनेता की आवश्यकता थी, जो गुण उन्हें हुमा में मिले।मोहनदास ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा, इस भूमिका के लिए कास्टिंग शायद सबसे मुश्किल काम था।

इस किरदार के लिए एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी, जिसमें जबरदस्त प्रतिभा और दमदार व्यक्तित्व हो। जिस पल हुमा मेरे सामने आई, मैंने महसूस किया कि उनमें कुछ दुर्लभ गुण मौजूद हैं।निर्देशक ने आगे कहा कि हुमा में एक सहज परिष्कार और तीव्रता थी, जिसने एलिजाबेथ के चरित्र को तुरंत जीवंत कर दिया।

मोहनदास ने आगे कहा, हुमा एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो किसी भूमिका की कलात्मक व्याख्या पर सवाल उठाती हैं, उसकी पड़ताल करती हैं और उसे चुनौती देती हैं, और यह संवाद हमारी रचनात्मक यात्रा का एक अभिन्न अंग बन गया। उन्हें हमेशा से प्रतिभा का धनी माना जाता रहा है, लेकिन यह प्रदर्शन सिनेमा पर एक निर्विवाद, प्रभावशाली नई उपस्थिति के आगमन का निर्णायक मोड़ साबित होगा।

## बेहद ग्लैमरस हैं सनी देओल की ऑन-स्क्रीन बहू, बिकिनी में सिमरत कौर ढाती हैं कहर



सिमरत कौर ने फिल्म गदर 2 से खूब सुर्खियां बटोरी. फिल्म में उन्होंने सनी देओल की बहू का रोल प्ले किया था. फिल्म में सिमरत ने सादगी भरें अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया था. वहीं रियल लाइफ में वो बेहद ही ग्लैमरस हैं. हाल ही में उन्होंने बिकनी में अपनी कई फोटोज शेयर की हैं.सिमरत कौर ने इंस्टाग्राम पर अपनी ये फोटोज शेयर कर सभी का ध्यान खींच लिया है. सिमरत ने मल्टीकलर प्रिंटेड बिकिनी टॉप और स्कर्ट पहना है. जिसमें वो काफी स्टाइलिश दिख रही हैं. फोटोज में सिमरत बीच पर कॉन्फिडेंट अंदाज में नजर आ रही हैं. उन्होंने कई पोज दिए हैं. एक फोटो में एक्ट्रेस सन किस्ड लेती नजर आ रही हैं. उनके चेहर पर ग्लो भी साफ नजर आ रहा है. वहीं दूसरी में वो कॉन्फिडेंट अंदाज में सेल्फी लेती दिखीं. नो मेकअप लुक में एक्ट्रेस काफी खूबसूरत लग रही हैं. उनकी इन फोटोज ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी है. फैंस इन्हें खूब पसंद कर रहे हैं. बता दें, सिमरत सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 1.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं.

## अक्षय कुमार की भूत बंगला की 11वें दिन भी नहीं रुकी कमाई, किया धमाकेदार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन



भूत बंगला बॉक्स ऑफिस पर कब्जा बनाए हुए है. फिल्म ने 10 दिनों में ही कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और 11वें दिन भी फिल्म ने धमाल काम किया है. फिल्म पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं. आइए नजर डालते हैं फिल्म के कलेक्शन पर.

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 11वें दिन 3.65 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 8755 शोज मिले और 11 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म के 11वें दिन के कलेशन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने 11वें दिन 3.65 करोड़ का कलेक्शन किया तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 117.05 करोड़ हो गया है. फिल्म ने टोटल ग्रॉस कलेक्शन 139.25 करोड़ कर लिया है. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म ने 18875 करोड़ कमा लिए हैं. भूत बंगला ने 11वें दिन ओवरसीज मार्केट में 1.50 करोड़ का कलेक्शन किया. ओवरसीज मार्केट में टोटल फिल्म ने 49.50 करोड़ कमाए.

मालूम हो कि फिल्म 120 करोड़ के बजट में बनी है. फिल्म का टोटल कलेक्शन 117.05 करोड़ हो गया है तो फिल्म जिस हिसाब से कमा रही है मंगलवार को बजट पूरा वसूल लेगी.

## रवि बाबू की फ़िल्म रेज़र का ट्रेलर रिलीज़

पारंपरिक कहानियों को तोड़कर रचनात्मक सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मशहूर रवि बाबू अपनी अब तक की सबसे दमदार फिल्म रेज़र के साथ वापसी कर रहे हैं। सुरेश बाबू के सुरेश प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत और फ्लाइंग फ्रॉग्स द्वारा निर्मित यह एक्शन थ्रिलर 8 मई को वैश्विक सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ ही, निर्माताओं ने आज रेज़र का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है, जो एक रोमांचक और अप्रत्याशित अनुभव का वादा करता है। रवि बाबू की फिल्म रेज़र का ट्रेलर भय और टूटे हुए मन से प्रेरित एक अंधेरे, मनोवैज्ञानिक संसार को दर्शाता है, जो फिल्म को 8 मई को रिलीज होने वाली एक रोमांचक फिल्म के रूप में प्रस्तुत करता है।




ट्रेलर में रवि बाबू एक डॉग ग्रूमर से रक्षक बने व्यक्ति की भूमिका में नजर आते हैं, जो एक युवा लड़की को लगातार खतरे से बचाते हुए अपनी सीमाओं को पार कर जाता है। जब मौत लगातार पीछा करने लगती है और बचना नामुमकिन हो जाता है, तो रक्षक देवदूत विनाश के दूत में बदल जाता है, कहानी का सार यही है। दया गायब हो जाती है और झिझक मिट जाती है, बस शुद्ध, बेरोक क्रोध ही रह जाता है। जिसे वह प्रिय मानता है, उसकी रक्षा के लिए, रोष, क्रोध, अराजकता और नरसंहार मिलकर रेज़र को जन्म देते हैं। यह एक ऐसा किरदार है जिसमें तीव्र तीव्रता और भावनात्मक गहराई दोनों की आवश्यकता होती है, और रवि बाबू इस द्वंद्व को सहजता से निभाते हैं।

लेखक-निर्देशक के तौर पर, रवि बाबू ने रेज़र में अपनी खास अंदाज़ वाली अप्रत्याशितता को एक ज़्यादा सुलभ और दिलचस्प कहानी कहने के तरीके के साथ मिलाया है। तकनीकी मोर्चे पर, यह फ़िल्म चरण माधवननी की शानदार सिनेमैटोग्राफ़ी की वजह से सबसे अलग दिखती है, जो फ़िल्म के गंभीर और बेचैन कर देने वाले माहौल को बखूबी दिखाती है। एसएस राजेश का दमदार बैकग्राउंड स्कोर तनाव को और बढ़ा देता है, जबकि सतीश पोलोजू की ज़बरदस्त एक्शन कोरियोग्राफ़ी ट्रेलर में दिखाए गए क्रूर और लगातार चलने वाले एक्शन दृश्यों को पर्दे पर उतारती है। फ़िल्म के बेहतरीन प्रोडक्शन मूल्य रेज़र के रोमांचक और बेकाबू माहौल को और भी ज़्यादा असरदार बनाते हैं, जिससे यह इस गर्मी में सुरेश प्रोडक्शंस की सबसे ज़्यादा चर्चा में रहने वाली फ़िल्मों में से एक बन गई है।रेज़र का थिएट्रिकल ट्रेलर दर्शकों में ज़बरदस्त उत्सुकता जगाता है और इस फ़िल्म को एक हाई-वोल्टेज, रोंगटे खड़े कर देने वाली थ्रिलर के तौर पर पेश करता है, जिसे 8 मई को ज़रूर देखा जाना चाहिए। दमदार अभिनय, क्रूर एक्शन और एक गहरे मनोवैज्ञानिक पहलू के साथ, रवि बाबू की रेज़र का मकसद पर्दे पर एक ज़बरदस्त तहलका मचाना है। सुरेश प्रोडक्शंस और फ़्लाइंग फ़्रॉग्स के सहयोग से बनी यह ज़बरदस्त एक्शन थ्रिलर, उन दर्शकों के लिए एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है जो तेलुगू सिनेमा में कुछ नया और लीक से हटकर देखना चाहते हैं।

## प्रेग्नेंसी में भी फुल ऑन एक्शन करती दिखेंगी दीपिका पादुकोण, राका को लेकर बढ़ी एक्साइटमेंट



राका को लेकर चर्चा तेज होती जा रही है और बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच दीपिका पादुकोण के रोल को लेकर नई डिटेल्स सामने आई हैं. टीम ने पहले ही कन्फर्म कर दिया था कि वो फिल्म में एक बहुत ही जरूरी रोल निभा रही हैं और अपनी प्रेग्नेंसी के बावजूद शूटिंग जारी रखेंगी. अब नई डिटेल्स से ये और साफ हो गया है कि वो फिल्म की कहानी का एक अहम हिस्सा हैं और हमें इस सुपरस्टार के जबरदस्त एक्शन के साथ इमोशनल सीन्स भी देखने को मिलेंगे.

उनके किरदार को लेकर बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच सोर्सेज का कहना है कि दीपिका कहानी की मुख्य कड़ी बनी हुई हैं और उनके सीन्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है. रणवीर सिंह के साथ अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद के दौरान भी वो अपने प्रोजेक्ट्स की शूटिंग जारी रखे हुए हैं.

प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, फिल्म में दीपिका की एंट्री धमाकेदार है और अल्लू अर्जुन के साथ उनका एक बड़ा एक्शन सीन भी है. अब ये सीन्स बॉडी डबल की मदद से शूट किए जाएंगे, जबकि दीपिका खुद ड्रामेटिक और इमोशनल सीन्स की शूटिंग जारी रखेंगी. उनके रोल में कोई कटौती नहीं की गई है और वह वैसी ही बनी रहेगी. वह 'राका' की एक मुख्य किरदार हैं और प्रेग्नेंसी की वजह से कहानी में कोई बदलाव नहीं हुआ है.एटली के निर्देशन में बन रही 'राका' को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है, खासकर दीपिका के किरदार को लेकर, जिससे कहानी में काफी इमोशनल गहराई आने की उम्मीद है.

## कपिल शर्मा एयर नीतू कपूर की फिल्म दादी की शादी का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर एक बार फिर फिल्मी पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म दादी की शादी का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसमें कॉमेडियन कपिल शर्मा भी अहम किरदार में नजर आए हैं। निर्देशन आशीष आर. मोहन ने किया है, जो पहले खिलाड़ी 786 जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण आर-टेक स्टूडियोज, बीइंग-यू स्टूडियोज, शिमला टॉकीज के बैनर तले किया गया है।ट्रेलर दिग्गज अभिनेत्री के इर्द-गिर्द घूमता है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक दादी उम्र की सीमाओं को तोड़ते हुए दोबारा शादी करने का फैसला लेती है, क्योंकि उसे विधवा होकर नहीं, बल्कि सुहागन बनकर दुनिया से जाना है। इस फैसले का परिवार पर क्या-क्या असर पड़ता है, यही फिल्म दिखाती है।

## रिलीज हुआ पैट्रियट का ट्रेलर, ममूटी और मोहनलाल को देखकर खुश हुए फैंस; दिए ऐसे रिएक्शन



ममूटी, मोहनलाल और नयनतारा जैसे बड़े सितारों से सजी अपकमिंग फिल्म पैट्रियट के ट्रेलर का दर्शकों को काफी इंतजार था। उनका इंतजार खत्म हो गया है। फिल्म का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें ममूटी और मोहनलाल बेहतरीन किरदार में नजर आए हैं।

तीन मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि सरकार एक ऐसा ऐप बनाती है, जिससे आम जनता की निजी जानकारियां सरकार तक पहुंचती हैं। कई लोग इसका गलत इस्तेमाल करते हैं। इस बीच डॉक्टर डैनियल (ममूटी) के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया जाता है। ऐसा लगता है कि वह किसी साजिश का शिकार हुए हैं। इसके बाद ट्रेलर में मोहनलाल नजर आते हैं। चूंकि ममूटी और मोहनलाल बचपन में दोस्त थे इसलिए वह ममूटी की बिना पूछे मदद करना चाहते हैं। हालांकि दोनों के बीच टकराव हो जाता है।

फिल्म में हीरो कौन होगा और कौन विलेन होगा, यह फिल्म देखने पर पता चलेगा। ट्रेलर में ममूटी और मोहनलाल एक्शन अवतार में नजर आए हैं। इसमें नयनतारा की भी झलक दिखी है, जो अहम किरदार में हैं। ट्रेलर में फहद फाजिल भी अहम किरदार में नजर आए हैं। पैट्रियट का हिंदी ट्रेलर देखकर कई यूजर्स ने इस पर कमेंट किए हैं।

## कामकाजी महिलाएं गर्मियों के दौरान इन 5 ब्यूटी टिप्स को अपनाएं, लगेंगी खूबसूरत



गर्मियों में कामकाजी महिलाओं के लिए मेकअप और त्वचा की देखभाल को संभालना मुश्किल हो सकता है। इस मौसम में पसीना और उमस त्वचा को चिपचिपा बना देती है, जिससे मेकअप भी खराब हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान और असरदार ब्यूटी टिप्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप गर्मियों में भी ताजगी और खूबसूरती के साथ ऑफिस जा सकती हैं और खुद को तरोताजा महसूस कर सकती हैं।

### नियमित रूप से त्वचा को साफ करें

गर्मियों में त्वचा पर मृत कोशिकाएं और गंदगी जमा हो जाती है, जिससे त्वचा बेजान और थकी-थकी सी लगती है। इससे छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से त्वचा की सफाई करना जरूरी है। हफ्ते में 2-3 बार हल्के हाथों से स्क्रब करें, ताकि मृत त्वचा हट जाए और त्वचा को नई ऊर्जा मिले। इससे आपकी त्वचा साफ और ताजगी भरी महसूस होगी और मेकअप भी लंबे समय तक टिकेगा।

### हल्की क्रीम लगाएं

गर्मियों में भारी क्रीम का इस्तेमाल करने से त्वचा चिपचिपी लग सकती है, जिससे बचने के लिए हल्की जेल आधारित क्रीम लगाएं। यह त्वचा को नमी प्रदान करेगी और चिपचिपाहट भी नहीं होगी। जेल आधारित क्रीम जल्दी अवशोषित हो जाती है और त्वचा को ताजगी भरी महसूस कराती है। इसके अलावा यह पसीने को भी कम करती है और त्वचा को ठंडक देती है, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगी।

### धूप से बचाव वाली क्रीम इस्तेमाल करें

चाहे बादल हों या धूप, रोजाना धूप से बचाव की क्रीम लगाना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह आपकी त्वचा को हानिकारक किरणों से बचाती है। इसे लगाने से पहले अपने चेहरे को अच्छी तरह साफ करें और फिर अपने चेहरे, गर्दन और हाथों पर अच्छी तरह लगाएं। इसे हर 2-3 घंटे के बाद दोबारा लगाएं, खासकर अगर आप बाहर हैं तो। इससे आपकी त्वचा सुरक्षित रहेगी और झुलसने का खतरा कम होगा।

### हल्के रंगों की लिपस्टिक का चयन करें

गर्मियों में भारी और गहरे रंग की लिपस्टिक लगाने से होंठ चिपचिपे लग सकते हैं। इसलिए, गुलाबी, पीच या न्यूड जैसे हल्के रंग चुनें। ये रंग न केवल आपको ताजगी भरी लुक देंगे, बल्कि पूरे दिन आरामदायक भी महसूस होगा। इसके अलावा हल्के रंग की लिपस्टिक आपके चेहरे पर एक प्राकृतिक चमक भी लाएगी और आपको हर समय खूबसूरत महसूस करवाएगी। इस तरह आप गर्मियों में भी स्टाइलिश और आरामदायक दिख सकती हैं।

### बालों का साधारण स्टाइल अपनाएं

गर्मियों में बालों को संभालना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्हें साधारण रखें। पोनीटेल, जूड़ा या फिर चोटी जैसे हेयरस्टाइल आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये न केवल स्टाइलिश दिखते हैं, बल्कि पसीने से भी बालों की सुरक्षा करते हैं और उन्हें उलझने से बचाते हैं। इन ब्यूटी टिप्स को अपनाकर आप गर्मियों में भी ताजगी और खूबसूरती के साथ ऑफिस जा सकती हैं और खुद को तरोताजा महसूस कर सकती हैं।

## वजन घटाने के लिए डाइट में शामिल करें ये भारतीय खाद्य पदार्थ, मिलेगा फायदा

वजन घटाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते, फिर भी सफल नहीं हो पाते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि सिर्फ व्यायाम और डाइट पर ध्यान देना काफी नहीं है। इसके साथ ही सही खान-पान का भी ध्यान रखना जरूरी है। इसके लिए डाइट में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए, जो शरीर की ऊर्जा बढ़ाने से लेकर भूख कम करने जैसे कई लाभ प्रदान कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि वजन घटाने के लिए क्या-क्या खान-पान करना चाहिए।

### दही

दही एक ऐसा दूध से बना उत्पाद है, जो प्रोटीन, कैल्शियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह शरीर की ऊर्जा को बढ़ावा देने और पेट की चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा दही में अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो पाचन क्रिया को सही रखने में मदद कर सकते हैं। वजन घटाने के लिए दही में कुछ चम्मच ओट्स मिलाकर खाएं। यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

### हरी चाय



हरी चाय में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसका सेवन शरीर की ऊर्जा को तेज करने और भूख को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। अगर आप रोजाना एक कप हरी चाय का सेवन करते हैं, तो इससे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद मिल सकती है। यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

### तिल

तिल सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं, क्योंकि ये कई जरूरी विटामिन और खनिजों का अच्छा स्रोत होते हैं। यह पाचन तंत्र को सुधारने में भी मदद करता है। इसके अलावा तिल में ऐसे फैटी एसिड होते हैं, जो शरीर की ऊर्जा को बढ़ावा देने और भूख को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। तिल का सेवन सेहत के लिए लाभदायक होता है।

### बादाम

बादाम में विटामिन-ई के साथ-साथ फाइबर और प्रोटीन होते हैं। ये गुण बादाम को वजन घटाने के लिए एक अच्छा विकल्प बनाते हैं। बादाम का सेवन भूख को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है और वजन घटाने के लिए जरूरी पोषक तत्व प्रदान कर सकता है। इसके अलावा बादाम का सेवन शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में भी मदद कर सकता है।

# 'ईरान कमजोर स्थिति में है, नाकाबंदी हटाने के लिए गिड़गिड़ा रहा'..., ट्रंप का नया दावा



नई दिल्ली (ए.)। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब मामला बातचीत तक पहुंचता दिखाई दे रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया है कि ईरान कमजोर स्थिति में है और उसने वॉशिंगटन से अपने बंदरगाहों पर लगी नाकेबंदी हटाने की मांग की है। हालांकि, उन्होंने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि ईरान की नेतृत्व व्यवस्था में आंतरिक मतभेद हैं, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि वहां अंतिम निर्णय कौन ले रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप का यह बयान ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है, ताकि उसे अमेरिकी शर्तों पर बातचीत के लिए मजबूर किया जा सके। ट्रंप ने कहा कि ईरान लंबे समय से Strait of Hormuz को खोलने की मांग करता रहा है, लेकिन अमेरिका के लिए मुख्य चिंता ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। सूत्रों के अनुसार, ईरान ने हाल ही में एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और बाद में परमाणु मुद्दे पर चर्चा करने की बात कही गई है। इस प्रस्ताव पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम विचार कर चुकी है।दूसरी ओर, Lebanon के दक्षिणी हिस्से में हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। युद्धविराम के बावजूद Israel की ओर से लगातार हवाई हमले किए जा रहे हैं। कुछ हमले उन क्षेत्रों से आगे भी हुए हैं, जिन्हें इज़राइल येलो लाइन कहता है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, एक हमले में पांच लोगों की मौत हुई है, जिनमें तीन सिविल डिफेंस कर्मचारी शामिल हैं, जबकि लेबनानी सेना के दो जवान घायल हुए हैं। लेबनान के प्रधानमंत्री ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे युद्ध अपराध करार दिया है।

### पाकिस्तान के पास नहीं बचा तेल, पेट्रोलियम मंत्री ने भारत से तुलना कर बयां किया दर्द

इस्लामाबाद (ए.)। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है, बल्कि कई देशों की अर्थव्यवस्था को घुटनों पर ला दिया है। इस भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली मलिक ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए देश की चरमराई व्यवस्था की पोल खोल दी है। उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान के पास एक दिन का भी रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) नहीं बचा है, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में देश की जीवन रेखा होता है।

एक साक्षात्कार के दौरान अली मलिक ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में पाकिस्तान के पास केवल पांच से सात दिनों का ही वाणिज्यिक कच्चा तेल उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के पास मौजूद रिफाइंड उत्पाद भी अधिकतम 20 से 21 दिनों तक ही चल सकते हैं।

## नासा का आर्टेमिक-2 अंतरिक्ष यान चांद यात्रा पूरी कर लौटा, इंजीनियर करेंगे जांच



वाशिंगटन,(ए.)। नासा का आर्टेमिक-2 अंतरिक्ष यान अपनी ऐतिहासिक चांद यात्रा पूरी कर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर वापस आ गया है। एक महीने पहले जिस स्थान से इस मिशन ने उड़ान भरी थी, वहीं इस मूनशिप की सुरक्षित वापसी अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह कैप्सूल, जिसमें चार अंतरिक्ष यात्री चांद के चारों ओर घूमे थे, अब केनेडी स्पेस सेंटर पर वापस आ गया है। ठीक उसी जगह जहां से इसकी ऐतिहासिक यात्रा करीब एक महीने पहले शुरू हुई थी। यह मिशन इंसानी अंतरिक्ष खोज के लिए एक बड़ा कदम है, क्योंकि 50 से ज़्यादा सालों में यह पहली बार था जब अंतरिक्ष यात्री चांद पर गए और वापस लौट आए।

ऑरिऑन कैप्सूल 10 अप्रैल को प्रशांत महासागर में उतरा, जिससे अंतरिक्ष में उसका करीब 10 दिन का मिशन खत्म हो गया। उसके बाद, इसे सेनडिगो से कापे कारनेवाल तक ट्रक से बहुत सावधानी से पहुंचाया गया। अब जब यह वापस आ गया है, तो इंजीनियर इसकी बारीकी से जांच करेंगे। खास तौर पर हीट शील्ड पर ध्यान दिया जाएगा, जिसने पृथ्वी के वायुमंडल से गुजरते समय कैप्सूल को जलने से बचाया था। इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और रिसर्च के सामान समेत दूसरे हिस्सों की भी जांच की जाएगी, उनकी मरम्मत की जाएगी, या उन्हें भविष्य के मिशनों के लिए दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक इस कैप्सूल को इसके क्रू ने इंट्रेगिरी नाम दिया था। यह अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में इतनी दूर तक ले गया, जहां तक कोई भी इंसान पहले कभी नहीं गया था। नासा के अधिकारियों के मुताबिक ऑनबोर्ड टॉयलेट में एक छोटी सी दिक्कत के बावजूद, अंतरिक्ष यान ने पूरे मिशन के दौरान बहुत अच्छा काम किया। इस यात्रा की सफलता से पता चलता है कि गहरे अंतरिक्ष की यात्रा के लिए बनाए गए सिस्टम ठीक वैसे ही काम कर रहे हैं, जैसा सोचा था।

भले ही आर्टेमिक-2 खत्म हो गया है, लेकिन अगले मिशन की तैयारी पहले से ही चल रही है। आर्टेमिक-3 में एक नया कैप्सूल और एक अलग क्रू होगा। सीधे चांद पर जाने के बजाय, इस मिशन का मकसद पृथ्वी की कक्षा में डॉकिंग के तरीकों का अभ्यास करना होगा। इन टेस्ट में वे लूनर लैंडर शामिल होंगे, जिन्हें अभी निजी कंपनियां बना रही हैं।

### 48 घंटे तक नहीं धड़का दिल, फिर उठकर बैठ गया शख्स, डॉक्टर ने बताया, कैसे हुआ चमत्कार

बीजिंग(ए.)। चीन में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति लगभग 40 घंटे तक दिल की धड़कन बंद रहने के बावजूद जिंदा बच गया। इस घटना ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों,



खासकर लाइफ सपोर्ट सिस्टम को लेकर नई बहस छेड़ दी है।यह मामला झेजियांग यूनिवर्सिटी मेडिकल स्कूल के दूसरे संबद्ध अस्पताल से सामने आया, जहां इमरजेंसी डॉक्टर लू जिओ ने इसे सोशल मीडिया पर साझा किया। उनके मुताबिक, करीब 40 वर्षीय व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा था और कई बार इलेक्ट्रिक डिफिब्रिलेशन के बावजूद दिल दोबारा नहीं धड़क सका।आखिरकार डॉक्टरों ने मरीज को एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन पर रखा। यह मशीन कृत्रिम हृदय और फेफड़ों की तरह काम करती है—खून में ऑक्सीजन पहुंचाती है और कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालती है। डॉक्टरों के अनुसार, इस तकनीक की मदद से मरीज को लगभग दो दिन तक जीवित रखा गया, जबकि उसका दिल धड़क नहीं रहा था।रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले भी ECMO तकनीक ने कई गंभीर मरीजों की जान बचाई है। पिछले साल हुबेई प्रांत में एक महिला को दिल रुकने के पांच घंटे बाद जीवित किया गया था, जबकि 2022 में जियांग्सू में एक अन्य महिला को 96 घंटे तक हार्टबीट बंद रहने के बावजूद बचाया गया।

## बांग्लादेश को रुस ने बनाया परमाणु ऊर्जा संपन्न देश, एलीट क्लब में हुआ शामिल

### -संयंत्र जब पूरी तरह से चालू होगा, तब बिजली उत्पादन क्षमता 2400 मेगावाट होगी



ढाका,(ए)। बांग्लादेश के ईश्वरदी उपजिला में स्थित रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में ईंधन लोडिंग का काम शुरू हो गया है। यह इस विशाल संयंत्र को चालू करने की दिशा में बहुत अहम और ऐतिहासिक माना जा रहा है। बांग्लादेश का यह परमाणु ऊर्जा संयंत्र रूस की मदद से तैयार किया गया है। परमाणु ऊर्जा संपन्न होने का मतलब परमाणु बम बनाना नहीं है, बल्कि परमाणु ऊर्जा से बिजली पैदा करना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश काफी समय से बिजली की कमी से जूझ रहा था। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और उद्योगों को चलाने के लिए उसे ऊर्जा स्रोत की जरूरत थी। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए बांग्लादेश ने पबना जिले के रूपपुर में अपना पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने का फैसला किया। इस प्रोजेक्ट को बनाने का ठेका रूस की सरकारी परमाणु कंपनी को दिया गया। अक्टूबर 2023 में रूस ने इस प्लांट के लिए यूरेनियम की पहली खेप बांग्लादेश को सौंप दी। इसके साथ ही बांग्लादेश दुनिया का 33वां ऐसा देश बन गया जिसके पास परमाणु ऊर्जा से बिजली बनाने की क्षमता है।इस प्लांट में 1200-1200 मेगावाट के दो रिएक्टर लगे हैं। 12 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा की लागत वाली यह परियोजना रूस की वित्तीय और तकनीकी सहायता से पूरी की जा रही है। पद्मा नदी के तट पर स्थित यह संयंत्र जब पूरी तरह से चालू हो जाएगा, तो इसकी कुल बिजली उत्पादन क्षमता 2400 मेगावाट होगी।

# खेल समाचार

### आईपीएल 2026 में पंजाब की पहली हार, राजस्थान ने 223 रन चेस करके 6 विकेट से दी मात

नईदिल्ली, (आरएनएस)। न्यू चंडीगढ़: इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया है. जो इस सीजन पंजाब की पहली हार भी है. श्रेयस अय्यर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए. जवाब में राजस्थान ने 4 विकेट के नुकसान पर 19.2 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया।

न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 साल के युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 16 गेंदों में 43 रन ठोक डाले, जिसमें तीन चौके और पांच छक्के शामिल थे।

अपनी इस पारी के दौरान, सूर्यवंशी ने सिर्फ 167 गेंदों में 400 रन पूरे किए. उन्होंने यह उपलब्धि 238.09 के ज़बरदस्त स्ट्राइक रेट से हासिल की, जो आईपीएल के किसी भी सीजन में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज गति से बनाए गए 400 रन हैं।

उसके बाद यशस्वी जायसवाल ने 27 गेंदों में 51 रन बनाए. पंजाब की तरफ से हरप्रीत बरार ने कसी हुई गेंदबाज़ी की और अपने चार ओवरों में सिर्फ 25 रन दिए, लेकिन चहल के विकेट लेने से मैच का रुख बदल गया। एक समय राजस्थान रॉयल्स को 52 गेंदों में 100 रन चाहिए थे और जरूरी रन रेट लगातार बढ़ रहा था।

इसके बावजूद, फरेरा और दुबे ने मैच का पासा पूरी तरह पलट दिया. निडर बल्लेबाज और सीमर्स को सोच-समझकर निशाना बनाते हुए, उन्होंने डेथ ओवरों में पंजाब किंग्स की गेंदबाजी की कमर तोड़ दी और यह सुनिश्चित किया कि अब और कोई विकेट न गिरे।

डोनोवन फरेरा और शुभम दुबे ने मिलकर सिर्फ 32 गेंदों में 77 रनों की नाबाद साझेदारी की. इस साझेदारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स पर छह विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की. 14 ओवर के बाद जब मैच काफी कड़ा हो गया था और जरूरी रन रेट 12 से ज्यादा हो गया था, तब इस जोड़ी ने लक्ष्य का पीछा करना आसान बना दिया. फरेरा 26 गेंद में 52 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसकी वजह से उनको प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया. साथ में शुभम ने 12 गेंद में 31 रनों की पारी खेली।

## मैंने ठान लिया कि उन लोगों को गलत साबित करना है... श्रेयस अय्यर का बड़ा बयान

नईदिल्ली, (आरएनएस)। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बताया कि शॉर्ट गेंदों के खिलाफ उनकी कमजोरी को लेकर हुई आलोचना उनके लिए प्रेरणा का एक बड़ा जरिया बन गई. जिसने आईपीएल 2026 के दौरान एक बल्लेबाज के तौर पर उनकी सोच और खेलने के तरीके, दोनों को आकार दिया. अय्यर ने माना कि शॉर्ट गेंदों को संभालने की उनकी काबिलियत पर उठाए गए सवालों ने उन्हें और ज्यादा मेहनत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।

अय्यर ने बताया, लोगों ने कहा था कि मैं अपनी शॉर्ट-बॉल की समस्या कभी ठीक नहीं कर पाऊंगा. यही बात मुझे ट्रीगर कर गई, जिसके बाद मैंने ठान लिया की अच्छा प्रदर्शन करके उन्हें गलत साबित करना है. इसलिए, मैंने इस पर कड़ी मेहनत की।

अय्यर ने कहा, पहले, मैं शॉर्ट गेंद पर बस एक रन लेता था या गेंद को नीचे रखने की कोशिश करता था. लेकिन अब मेरी सोच बदल गई है और अगर मुझे अपनी रेंज में कोई शॉर्ट गेंद दिखती है, तो मैं उसे छक्के के लिए मारता हूं. मैं प्रवीण आमरे के साथ काम करता हूं. मैं बचपन से ही उनके साथ हूं. मैं अभिषेक नायर जैसे कोचों से भी बात करता हूं. हम आपस में विचार साझा करते हैं।

अय्यर ने आगे कहा, अपनी बैटिंग प्रैक्टिस के दौरान, अब मैं लगभग



50 ओवर खेलने और 300 से ज्यादा गेंदों का सामना करने की कोशिश करता हूं. इससे मुझे यह समझने में मदद मिलती है कि मेरे लिए क्या सही काम करता है. मैं किसी तय पैटर्न का पालन नहीं करता. मैं पिच पर खुद को ज्यादा समय देता हूं और असली गेंदबाजों का सामना करता हूं, न कि सिर्फ साइडआर्म थ्रो का. मैं जितने ज्यादा गेंदबाजों का सामना करता हूं, मेरा मूवमेंट उतना ही साफ होता जाता है।

तकनीकी बदलावों के अलावा, अय्यर ने मानसिक मजबूती के महत्व पर भी जोर दिया. अय्यर ने कहा, मेरे आस-पास कुछ ऐसे लोग हैं जो कहते हैं कि ऐसी स्थिति (चोटिल होने के बाद) में तुम यह नहीं कर सकते. यह नामुमकिन है. मुझे ऐसी बातें सुनना बिल्कुल पसंद नहीं है. एक क्रिकेटर के तौर पर, जो खेल के सबसे ऊंचे स्तर पर खेल रहा हो, मैं ऐसी बातें बिल्कुल भी स्वीकार नहीं कर सकता. तब मैं अपने मन में यह तय कर लिया कि मुझे उन्हें गलत साबित करना है. मेरे सामने चुनौती यह होती है कि मैं इस मुश्किल स्थिति में फंस गया था, अब मैं और ज्यादा मजबूत बनकर वापसी कैसे कर सकता हूं?

अय्यर ने कहा, मैं खुद पर और ज्यादा जोर डालता हूं और उन्हें गलत साबित करने के लिए जल्द से जल्द मैदान पर लौटने की कोशिश करता हूं. यही सोच मुझे लगातार आगे बढ़ने की हिम्मत देती है, खासकर चोट लगने के बाद. जब मुझे पीठ में चोट लगी थी, तो कुछ लोगों ने कहा था कि मैं अब कभी भी पहले जैसा नहीं बन पाऊंगा. मैंने खुद से पूछा, मैं पहले जैसा क्यों नहीं बन सकता? चोट लगने के बाद आप अपनी सोच को किस तरह ढालते हैं, यह बहुत मायने रखता है. आप खुद तय करते हैं कि आपको किस चीज पर ध्यान देना है और किस चीज को नजरअंदाज करना है।

### चीन से 0-5 से हारकर भारत उबेर कप से बाहर, अब थॉमस कप पर निगाहें

होर्सेंस (डेनमार्क), (आरएनएस)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाई जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गया.भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी.

उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है. सिंधु ने भारत की तरफ से शुरुआत की जबकि उन्नति हुडा और तन्वी शर्मा की जगह अन्य दो एकल मुकाबलों के लिए ईशरानी बरुआ और देविका सिहाग को टीम में शामिल किया गया.सिंधु निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थी लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गई. इससे चीन ने सोमवार को ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली. सिंधु ने बाद में कहा, यह एक अच्छा मैच था. अगर मैं जीत हासिल करने में सफल रहती तो और भी अच्छा होता. मुझे मौके मिले, लेकिन ऐसा नहीं था कि कुछ अंक आसान थे. प्रत्येक अंक के लिए कड़ा मुकाबला हुआ. हम वास्तव में प्रत्येक अंक के लिए बहुत संघर्ष कर रहे थे।

### आईपीएल 2026: प्रभसिमरन सिंह ने इस सीजन में अपना चौथा अर्धशतक लगाया, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने अपना जोरदार फॉर्म जारी रखा। उन्होंने इस सीजन के 40वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 59 रन की पारी खेली। यह उनके आईपीएल करियर का कुल 11वां अर्धशतक रहा। इसके साथ-साथ यह मौजूदा सीजन में उनके बल्ले से निकलने वाली चौथी 50+ रन की पारी रही। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

प्रभसिमरन ने पारी का पहला ओवर करने आए जोफ्रा आर्चर के खिलाफ लगातार 2 चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की। दाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने मुल्लांपुर स्टेडियम में विपक्षी गेंदबाजों के खिलाफ जमकर बल्लेबाजी की और 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 44 गेंदों में 59 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और एक छक्का लगाया। इस बीच उन्होंने कूपर कोनॉली (30) के साथ 59 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन ने आईपीएल 2026 में अब तक 8 मैचों की 7 पारियों में 57.66 की औसत और 179.27 की स्ट्राइक रेट के साथ 346 रन बनाए। इस बीच उन्होंने नाबाद 80 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 अर्धशतक लगाए। वह पंजाब किंग्स की ओर से इस सीजन में फिलहाल सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। पंजाब किंग्स की टीम में उनके अलावा श्रेयस अय्यर ने 300+ रन बनाए हैं।प्रभसिमरन ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2019 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 59 मुकाबले खेले हैं, जिसकी 58 पारियों में 28.96 की औसत और 156.93 की स्ट्राइक रेट से 1,651 रन बनाने में सफल रहे हैं।

## पीएसजी बनाम बायर्न: पेरिस सेंट-जर्मेन को मिली मामूली बढ़त



पेरिस (आरएनएस)। पेरिस सेंट-जर्मेन और बायर्न म्यूनिख के बीच खेला गया मुकाबला 5-4 के रोमांचक स्कोरलाइन के साथ समाप्त हुआ। इस मैच में दोनों ही टीमों की तरफ से बेहतरीन अटैक देखने को मिला। मैच की शुरुआत से ही लगने लगा था कि दोनों टीमें आक्रामक रुख अपनाएंगी। हैरी केन ने पेनल्टी के जरिए बायर्न को शुरुआती बढ़त दिलाई। यह बढ़त ज्यादा देर टिक नहीं सकी। ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने शानदार, बेहतरीन कौशल दिखाते हुए बराबरी का गोल दागा।पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच लगातार जवाबी हमले होते रहे। जोआओ नेवेस के हेडर ने पीएसजी को बढ़त दिलाई, लेकिन माइकल ओलिस ने एक शानदार सोलो रन के बाद गोल कर बायर्न को फिर बराबरी पर ला दिया। हाफ खत्म होने से ठीक पहले उस्मान डेम्बेले ने पेनल्टी पर गोल कर पीएसजी को 3-2 की बढ़त दिलाई।

दूसरे हाफ में कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि पीएसजी मैच को पूरी तरह अपने नियंत्रण में ले लेगा। अशरफ हकीमी के शानदार क्रॉस पर क्वारात्सखेलिया ने अपना दूसरा गोल किया, और फिर डेम्बेले ने भी एक और गोल जोड़कर स्कोर 5-2 कर दिया। इस समय पीएसजी का आक्रमण बेहद संगठित और घातक दिख रहा था। बायर्न म्यूनिख के लिए दयोत उपामेकानो ने हेडर के जरिए एक गोल किया और इसके तुरंत बाद लुइस डियाज ने शानदार स्ट्राइक लगाकर स्कोर 5-4 कर दिया। इस वापसी ने मैच को अंत तक रोमांचक बनाए रखा।

पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने मैच के बाद कहा कि यह मुकाबला किसी भी दिशा में जा सकता था, जो इस खेल की गुणवत्ता को दर्शाता है। वहीं, डेम्बेले ने भी माना कि दोनों टीमें आक्रामक खेल में विश्वास रखती हैं और दूसरे लेग में भी ऐसा ही मुकाबला देखने को मिल सकता है। अब जब दोनों टीमें दूसरे लेग के लिए एलियांज एरिना में उतरेंगी, तो उम्मीद की जा रही है कि यह मुकाबला फिर से फुटबॉल प्रेमियों को एक और क्लासिक देखने का मौका देगा।

### आईपीएल में आज होगा आरसीबी और गुजरात का मुकाबला

अहमदाबाद (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबला होगा। गुजरात टाइटंस घरेलू मैदान पर लीग के इस मुकाबले में जीत दर्ज करने का प्रयास करेंगी हालांकि ये उसके लिए बेहद कठिन होगा। इस सत्र में टाइटंस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है ओर उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं भी बेहद कमजोर हैं। गुजरात की टीम अंक तालिका में 8 अंक लेकर पांचवे नंबर पर है। वहीं दूसरी ओर आरसीबी 12 अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है और जीत की प्रबल दावेदार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में उतरी आरसीबी के पास विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाज भी हैं जिससे टीम की बल्लेबाजी ताकत का अंदाज होता है। वहीं गुजरात की कमान शुभमन गिल के पास है। टीम में शुभमन के अलावा साई सुदर्शन जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं पर टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है।

गेंदबाजी की बात करें तो आरसीबी के पास भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और क्रुणाल पांड्या जैसे गेंदबाज हैं जबकि गुजरात के पास कासिगो रबाडा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान जैसे खिलाड़ी हैं। इस प्रकार देखा जाये तो गेंदबाजी मे दोनो ही टीमें तकरीबन बराबरी पर हैं। वहीं आंकड़ों पर पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच कुल 7 मुकाबले हुए हैं। इसमें से आरसीबी ने 4 जबकि गुजरात ने 3 जीते हैं

# गर्मी का असर तेज होने से सब्जी की पैदावार में होने लगी कमी

## खेत और डंगरबाड़ी में ही कम पड़ने लगी सब्जी,दाम में आई तेजी

नर्मदापुरम (निप्र)। चाहे खेत में सब्जी लगाने वाले किसान हो या डंगरबाड़ी में सीजनेवल सब्जी की फसल लगाने वाले किसान सभी के पास हरी सब्जी की कमी होने लगी है। क्योंकि गर्मी के तेज असर के कारण पैदावार पर विपरीत असर पड़ रहा है। डंगरबाडियों की तो वेल सूखने लगी है। किसान खेत में जरूर सब्जी के पौधे बचाने की कवायद कर रहे हैं। लेकिन कम ही पैदावार हो रही है। इसका असर दाम पर पड़ रहा है। दामों में तेजी से वृद्धि होती जा रही है। यहां तक कि अनेक सब्जियों के दाम दोगुने तक बढ़ गए हैं। दाल के दाम पहले से ही बड़े हुए थे। डंगरबाड़ी की सब्जियों ने दो माह तक खूब पूर्ति की है। लेकिन अब तो हर तरफ सब्जियों की कमी हो रही है। आलू जरूर कम दाम में मिल रहा है।




### पानी की कमी से सूखने लगे पौधे

पानी की कमी होने पर सब्जी की फसल कमजोर होने लगती है। जिससे सब्जी निकलना बंद होने लगती है। गर्मी के मौसम में सभी प्रकार की सब्जी की पैदावार में कमी होने लगती है। जिसका असर आम उपभोक्ताओं पर सीधा पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार में सब्जी की आवक पहले से काफी कम हो गई है। मुख्यालय के पास के गांव रायपुर, घानाबढ़, बांद्राभान, सेमरी, सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी आती थी जो अब बहुत कम आ रही है। लगातार कम सब्जी बेचने वाले आने से दाम में बढ़ोत्तरी होती जा रही है। दिनों दिन हर प्रकार की हरी सब्जी के दाम तेज होते जा रहे हैं।

### सूखने लगी है बेल और पौधे

लगातार गर्मी का असर तेज होने के कारण सब्जी की बेल व पौधे सूखने लगे हैं। कम भी होते जा रहे हैं। सब्जी बेचने वाले विनोद कहार, संतोष गौर ने बताया कि सब्जी के दाम बढ़ने का एक कारण यह भी है कि तवा और नर्मदा की तलहटी में इस बार डंगरबाड़ी की फसल जल्दी ही सूखने लगी है। क्योंकि जो किनारे पानी था वह तेजी से सूखता जा रहा है।

### बाहर की सब्जी के दाम ज्यादा

थोक सब्जी व्यापारी घनश्याम ने बताया कि टमाटर अभी लोकल आ रहा था इसलिए दाम कम थे। अब बाहर से भी टमाटर बुलवाना पड़ रहा है। वहीं इस बार लोकल आलू कम आया है। बाहर से बुलवाना पड़ रहा है। आलू के भाव स्थिर हैं।

# मेंटनेस का कार्य अधूरा उपभोक्ता होंगे परेशान

नर्मदापुरम (निप्र)। अभी तो और तेज गर्मी शेष है। बिजली कंपनी के द्वारा अभी मेंटनेस का कार्य शुरू धीमी गति से हो रहा है और अप्रैल माह में लगने वाले अवकाश के कारण कर्मचारियों ने आरक्षण कराते हुए अवकाश लेकर बच्चों के साथ टूर पर चले गए। वहीं कुछ कर्मचारी बांकी के अवकाश देखकर एक दिन का अवकाश लेकर पूरे सप्ताह की यात्रा बनाकर निकल जाते हैं। जिससे कर्मचारियों का अभाव बना हुआ है। कार्यालयों में बहुत कम कर्मचारी ही आ रहे हैं। ऐसे में हर वर्ष गर्मी के मौसम में होने वाला मेंटनेंस का कार्य अधूरा ही हो सका है। ऐसी स्थिति में बारिश के दिनों में बिजली ज्यादा सताएगी। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होगी। क्योंकि कई पेड़ बिजली के तारों के पास तक पहुंच गए हैं। जो हवा चलने और बारिश होने पर दिक्कत देंगे। अभी मेंटनेंस का कार्य काफी कम ही हुआ है।



# शांतिनिकेतन की आयुषी साहू रैपिड चेस चैंपियन 2026

### शाला परिवार ने दी हार्दिक शुभकामनाएं



नर्मदापुरम (निप्र)। 26 अप्रैल 26 को मगधम विद्यापीठ विदिशा मध्य प्रदेश में रैपिड चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अलग.अलग आयु वर्ग में बालक- बालिका एवं ओपन स्तर पर आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम की कक्षा सातवीं की छात्रा कु आयुषी साहू अपना शानदार खेल दिखाते हुए अंडर 13 बालिका वर्ग में रैपिड चेस प्रतियोगिता में विजेता बनी। शाला प्राचार्य डॉ केम जॉर्ज ने आयुषी साहू को विजेता की ट्रॉफी प्रदान कर आशीर्वाद दिया एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शाला की चेयरपर्सन श्रीमती ग्रेस जॉर्ज एवं शाला की उप प्रधानाचार्या डॉ हेमलता पुरोहित ने शाला परिवार की ओर से आयुषी साहू को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# बीएसएनएल का नेटवर्क होता रहता है गड़बड़

नर्मदापुरम (निप्र)। हर कार्य ऑनलाइन के हाईटेक जमाने में अब कुछ देर के लिए ही मोबाइल सेवा में कुछ दिक्कत होती है तो लोगों को परेशानी होने लगती है। जिला मुख्यालय पर बीते दो तीन दिन से बीएसएनएल का नेटवर्क बार-बार गड़बड़ रहने से उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। बुधवार को तो कुछ ज्यादा ही परेशानी हो रही थी। मोबाइल फोन के उपभोक्ताओं के द्वारा फोन लगाने पर दूसरी ओर से सही आवाज नहीं आना या फिर किसी को फोन लगाओ किसी ओर को लगना कम आवाज आना या फिर बिल्कुल ही नहीं आना ऐसी तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब कंपनी के एसडीओ से इस संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्हें एक तो कई बार फोन लगाने के बाद फोन लगा तो उन्होने कोई जबाव नहीं देते हुए कहा कि आपकी आवाज साफ नहीं आ रही है। यही समस्या लोगों को भी सता रही है।

# दो दिन से 43 और 44 के बीच बना हुआ है पारा,गर्म हवाएं कर रही बेहाल

## लगातार तेज तपन से बढ़ने लगा है लू लगने का खतरा

नर्मदापुरम (निप्र)। सूर्यदेव का रोद्र रूप देखने को मिल रहा है। लगातार दो दिन से पारा 43-44 के बीच पर बना हुआ है। अप्रैल के माह में यह स्थिति सबसे अधिक गर्मी वाली है। सुबह से ही सूर्यदेव तमतमा रहे हैं। गर्मी का असर सुबह से ही तेज होने लगा है दोपहर में तो और अधिक धूप तेज हो जाती है। जिससे जरूरी काम होने पर भी घर से निकलना मुश्किल हो रहा है।इसी के साथ अब रात के तापमान में भी ज्यादा वृद्धि होने लगी है। न्यूनतम तापमान 24 से बड़कर 26डिग्री तक हो गया है। जो सीधे दो डिग्री की बढ़त लिए हुए है।





अब रात में भी गर्मी तेज होने लगी है। दूसरे दिन भी पचमढ़ी के तापमान में कोई विशेष अंतर नहीं आया है। पचमढ़ी का अधिकतम तापमान 36 ही बना हुआ है न्यूनतम 16 से बढ़कर 18 दर्ज हुआ है। जो एक-एक डिग्री ही बढ़ा है।अब वैशाख माह समाप्त होने वाला है। मई और ज्येष्ठ माह की शुरूआत होने वाली है। इन माहों में ही सबसे ज्यादा गर्मी का असर रहता है। सुबह से ही गर्म हवाओं का असर तेज होने लगा है। इस तरह की तेज गर्मी में अब लू लगने का खतरा भी तेज होने लगा है। वैद्य चंद्र नारायण महलवार का कहना है कि इस मौसम में केरी का पना पीना फायदेमंद होता है। गर्मी में बाहर निकलने से पहले खूब पानी पीना चाहिए जिससे पानी की कमी नहीं हो। धूप से बचना चाहिए। जरूरी होने पर घर से निकलते समय टोप लगाना या गमछा सिर में बांधकर ही निकलना चाहिए। उन्होनें कहा कि इस मौसम में एक प्याज जेब में रखने से भी लू लगने से बचाव होता है।

# कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार उपार्जन केंद्रों का अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण जारी

### एसडीएम सोहागपुर ने सेमरी स्थित उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नर्मदापुरम (निप्र)।कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।इसी क्रम में सोहागपुर एसडीएम श्रीमती प्रियंका भल्लावी सहित राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम द्वारा सेमरी हरचंद मंडी परिसर स्थित चना उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे पेयजल, शेड एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की।

# नर्मदा तीर्थ परिक्रमा वासियों की सेवा दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेवा है - मंत्री श्री लखन पटेल

### मंत्री श्री लखन पटेल ने नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा करने वाले भक्तों का किया सम्मान



नर्मदापुरम (निप्र)। / नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेवा है, यह मेरा सौभाग्य है कि मैंने अपने जीवन में नर्मदा परिक्रमा किया और एक जीवन में बहुत सारे जीवन जी लिए। श्री रावतपुरा सरकार सिद्ध गुरु कृपा आश्रम बुंडारा कलां आकर मुझे अद्धभुत आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हो रही है। यहां आकर मुझे अपार संतोष महसूस हो रहा है। उक्त बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने कही। मंत्री श्री पटेल ने बुधवार को सिवनी मालवा के ग्राम बुंडाराकलां स्थित श्री रावतपुरा सरकार सिद्ध गुरु कृपा आश्रम में नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा करने वाले भक्तों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने श्री रेवा राम रोटी योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना के तहत भक्तगण आवली घाट के 60 किलोमीटर तक के मां नर्मदा के तट के दोनों और परिक्रमा वासियों को भोजन दवाइयां और फल फ्रूट वितरित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवा अनुपम और आनंद दायक है।

# विद्युत आपूर्ति समस्या पर कलेक्टर का त्वरित एक्शन ट्रांसफार्मर सुधार से बहाल हुई निर्बाध विद्युत सप्लाई



नर्मदापुरम (ए.)। जिले में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या को लेकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्परता दिखाते हुए त्वरित संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इटारसी निवासी एक युवक ने कलेक्टर के समक्ष वार्ड क्रमांक 13 में बार-बार लोड ट्रिपिंग होने एवं विद्युत उपकरणों के सुचारू रूप से उपयोग नहीं हो पाने की समस्या रखी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने एमपीईबी इटारसी के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर से प्राप्त निर्देशानुसार एमपीईबी के अधिकारी संदीप पाण्डेय द्वारा संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण कराया गया। जांच में ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी सामने आई, जिसके बाद आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया गया। साथ ही विद्युत लोड का संतुलन भी सुनिश्चित किया गया। विभागीय कार्रवाई के बाद क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई एवं नागरिकों को समस्या का समाधान मिला।

# नपा द्वारा पेयजल पाइप के समस्त लीकेज किए बंद

## गुरूवार तक हो जाएगी पेयजल आपूर्ति सुचारू

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर में अचानक आए पेयजल संकट की इस घड़ी में नगरपालिका की टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन में आए लीकेज को सुधारने में सफलता प्राप्त कर ली है। इंदौर से बुलाए गए पाइप लाइन जोड़ने वाले केमिकल से पाइप लाइन जोड़ दी गई है। उसे सूखने के लिए 10 से 12 घंटे लगते हैं। इसलिए गुरूवार को पेयजल सप्लाई सुचारू हो जाएगी। इस भीषण गर्मी में पेयजल सप्लाई जारी रखने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतत नजर रखे हुए हैं। उनके द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाए जा रहे टैंकर्स की जानकारी ली जा रही है।

जल शाखा प्रभारी उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर्स पहुंचाए जा रहे हैं। टैंकर्स के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन के लीकेज ठीक कर दिए गए हैं।

हरिश गोस्वामी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा गोपालकुंज, रसूलिया, आदर्श नगर, अंकिता नगर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, बीटीआई, भीलपुरा, जुमेराती, रामलीला मैदान, रामगंज, कमला गली थाना परिसर बजरिया मोरछली चौक ग्वालटोली, ईदगाह, खोजनपुर में पानी टेंकर उपलब्ध कराए गए एवं लगातार पानी टेंकर पहुंचाए जा रहे हैं।

### धैर्य रखने के लिए नपाध्यक्ष ने दिया धन्यवाद

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि इस भीषण गर्मी में अचानक आए जलसंकट में नागरिकों द्वारा जो धैर्य का परिचय दिया है, उसके लिए धन्यवाद। लगातार टैंकर्स के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। जहां कहीं भी टैंकर्स नहीं पहुंचे रहे हैं वे सीधे नपा की जलप्रदाय शाखा से संपर्क कर सकते हैंए उन्हें तत्काल टैंकर्स उपलब्ध कराए जाएंगे। गुरूवार को इस समस्या का समाधान हो जाएगा।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, नर्मदापुरम (म.प्र.)

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

**निविदा सूचना क्र0 18/2026/e-Tender/N.Puram** दि0 22/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स0 क्रं0 | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_502180 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | पिपरिया न्यायालय भवन में विकलांग व्यक्तियों के लिए शौचालय का निर्माण। | चतुर्थ | 3.196 | 6392/- |
| | | | | **योग (रू0 लाख में)** | | **3.196** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04/05/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन0आई0टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। **मूल एफ0डी0आर0 एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त** किए जावेंगे।

**जी/12199/26**

**कार्यपालन यंत्री,**
**लो0नि0वि0 संभाग नर्मदापुरम**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें**


# किसान संगोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने दिए आधुनिक खेती के टिप्स, खाद-स्लॉट की समस्या पर मिला समाधान का आश्वासन

नर्मदापुरम (निप्र)। प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र, पवारखेड़ा में बुधवार को विभिन्न किसान संगठनों के सदस्यों के साथ किसान संगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जिले के प्रमुख किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कृषि विभाग के अधिकारियों व वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ, क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, भारतीय किसान यूनियन और राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के सदस्य शामिल हुए। तकनीकी सत्र में कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक विनोद बेड़ा एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक के. के. मिश्रा ने किसानों को नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, फसल उत्पादन बढ़ाने की तकनीक, नवीन फसल किस्मों और मूंग की फसल में लगने वाले प्रमुख रोग-कीटों के प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी।किसानों ने ई-विकास प्रणाली से जुड़ी समस्याएं और डीएपी/यूरिया की किल्लत का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर सहायक संचालक कृषि शैलेन्द्र राठौर ने ई-विकास पोर्टल पर लाइव खाद उपलब्धता की जानकारी साझा की और टोकन बुकिंग प्रक्रिया समझाई।


## खंड-I

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय-हरदा (सामान्य) वनमण्डल, मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2813/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 24/04/2026

1. वनमंडलाधिकारी, हरदा (सामान्य) वनमण्डल द्वारा म0प्र0 भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| अनु. क्रमांक | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि (भौतिक) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | आर.सी.सी. पोल यू. खिला सहित | 135000.00 | राशि 1000.00 |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक 27 अप्रैल 2026 बजे प्रात: 10.00 से दिनांक 17 मई 2026 तक बजे 6.00 तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते हैं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 13 मई 2026 समय दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक को हरदा (सामान्य) वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिध स्वयं भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होंगे जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धि पत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in

**जी/12180/26**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

**वनमण्डल अधिकारी**
**हरदा (सामान्य) वनमण्डल**



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

*क्रमांक 804/लेखा/का.यं./लोस्वायांवि.खंड/बैतूल/दिनांक 27.04.2026*

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंड आमला एवं चिचोली के विभिन्न ग्रामों/बसाहटों में 125/115 मि.मी. व्यास 180 मीटर गहरे नलकूप खनन कर हैण्डपंप स्थापना कार्य हेतु निविदा, प्रतिशत दर पर दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई-टेण्डर आई.डी. | विकासखंड | नलकूप की संख्या | निविदा की अनुमानित लागत (रू. में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्यपूर्ण करने की समयवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22/2026-27/Dt.27.04.2026 | 2026_PHED_503064_1 | आमला | 10 | 16.86 | 33720 | 2000 | 02 माह वर्षाकाल छोड़कर | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |
| 2 | 23/2026-27/Dt.27.04.2026 | 2026_PHED_503407_1 | चिचोली | 10 | 16.86 | 33720 | 2000 | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा विक्रय की प्रारम्भिक तिथि व समय | :- | 27.04.2026 | 11.00 | बजे से |
| ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि व समय | :- | 05.05.2026 | 17.30 | बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की संभावित तिथि व समय | :- | 07.05.2026 | 11.00 | बजे से |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर जारी किये जायेंगे।

**जी/12209/26**

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड**
**बैतूल (म.प्र.)**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें**


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*